

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 29 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-182 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ सुनी मन की बात

# युवाओं को क्रिएट इन इंडिया से जुड़ने मोदी की अपील

**रायपुर 29 सितंबर।** ग्रामीण अंचलों में लोग अपनी कला-संस्कृति, परम्पराओं और अमूल्य विरासत को सहेजने में अपने सामर्थ्य के अनुरूप योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से गर्व के साथ इसे देश-दुनिया के सामने रखते हैं। इससे हम देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले ऐसे सभी प्रयासों और नवाचारों के बारे में जान पाते हैं और प्रेरित होते है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अपने निवास कार्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात प्रतिक्रिया देते हुए यह बातें कही। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्री भैया लाल राजवाड़े, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री कमलचंद्र भंजदेव, पद्मश्री सुनील जोगी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास, एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर रोज एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने वाले तेलंगाना के श्री के एन राजशेखर, संथाली भाषा को सहेजने के लिए श्री रामजीत टुडू के प्रयासों, औषधीय पौधों को संरक्षित करने के लिए मदुरै की रहने वाली शिक्षिका शुभाश्री के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने आधुनिक समय में प्रतिदिन परिवर्तित हो रहे नेचर ऑफ़ जॉब का जिक्र करते हुए गेमिंग एनीमेशन, फ़िल्म मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, बैंड्स और कम्युनिटी रेडियो से जुड़े युवाओं को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल क्रिएट इन इंडिया से जुड़ने की अपील की। इससे इन विधाओं से जुड़े लोग अपनी क्रिएटिविटी सभी के सामने ला सकेंगे। क्रिएट इन इंडिया के तहत 25 विविध चैलेन्ज इसमें शामिल किये गए हैं।

## द्वारका में 4 बच्चों समेत 7 लोगों की मौत

**अहमदाबाद,29 सितंबर।** गुजरात के द्वारका में भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 4 बच्चे भी है। जबकि हादस में 14 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। द्वारका के नेशनल हाईवे- 51 पर शनिवार (28 सितंबर) की रात करीब 7.45 पर बस डिवाइडर तोड़ कर दूसरी लेन में आ गई और तीन गाड़ियों से टकरा गई, जिसमें 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। गुजरात पुलिस के मुताबिक बस द्वारका से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे 51 शनिवार (28 सितंबर) की रात करीब 7.45 बजे रास्ते में जानवरों के आने से ड्राइवर ने अचानक बस का कंट्रोल खो दिया। जानवरों को बचाने के चलते बस डिवाइडर से टकराते हुए दूसरे लेन में आ गई। स्पीड ज्यादा होने की वजह से बस ने तीन गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। बस की टक्कर एक मिनी वैन, एक कार और एक मोटरसाइकिल से हुई। हादसे में चार मासूमों समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, करीब 14 लोग घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में जान गंवाने 6 वाले यात्री मिनी वैन में सवार थे। वहीं, एक यात्री बस में था जिसकी मौत हो गई है. यात्रियों की पहचान हो गई है। चार बच्चों के नाम इस प्रकार है-2 साल की तान्या, 3 साल का रेयांश,7 साल का विशान और 13 साल की प्रियांशी शामिल हैं.




वहीं, 25 वर्षीय हेतलबेन ठाकोर, 25 वर्षीय चिराग रानाभाई और 35 वर्षीय भावनाबेन ठाकोर की भी हादसे में मौत हो गई है।

## बस और डंपर में टक्कर,6 की मौत

**मैहर,29 सितंबर।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यात्रियों को लेकर जा रही एक बस की डंपर से टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद बस में सवार छह लोगों की मौत हो गई। वहीं 17-20 लोग अभी घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज से यात्रियों को लेकर बस नागपुर जा रही थी, इसी दौरान सड़क किनारे खड़े डंपर से बस की टक्कर हो गई, जिससे ये हादसा हुआ। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मैहर के एसपी सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यहां हादसा होने की जानकारी मिली, जिसमें 17-20 लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि 6 व्यक्तियों की इस हादसे में मौत हो गई है। आगे घटना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ये बस प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। बस तेज गति से जा रही थी तभी साइड में एक डंपर खड़ा था, जिसमें पत्थर लदा था। उस डंपर से जाकर बस टकरा गई। टक्कर की वजह से बस का अगला हिस्सा डैमेज हो गया है, जिससे ये हादसा हुआ।

## पाकिस्तान को मिलेगा कर्मों का फल: जयशंकर

**नई दिल्ली,29 सितंबर।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तान की नीति की कड़ी निंदा की। जयशंकर ने पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद की उनकी 'नीति' कभी सफल नहीं होगी और उसके 'कृत्यों के निश्चित तौर पर परिणाम मिलेंगे'। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, कई देश अपने नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण पीछे छूट जाते हैं, लेकिन कुछ देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इसपर कड़ा प्रहार करते हुए जयशंकर ने



कहा कि इस्लामाबाद के कुकृत्यों का असर अन्य देशों, खासकर पड़ोस पर भी पड़ता है। उन्होंने निंदा करते हुए कहा, जब यह राजनीति अपने लोगों में इस तरह की कट्टरता पैदा करती है, तो इसकी जीडीपी को केवल कट्टरपंथ और आतंकवाद के रूप में इसके निर्यात के संदर्भ में ही मापा जा सकता है। जयशंकर ने आगे कहा, आज हम देख रहे हैं कि दूसरों पर जो मुसीबतें लाने की कोशिशें उसने (पाकिस्तान ने) की, वे उसके अपने समाज को निगल रही हैं। वह दुनिया को दोष नहीं दे सकता। यह केवल कर्म है। उन्होंने कहा, हमने कल इसी मंच पर कुछ अजीबोगरीब बातें सुनीं। इसलिए मैं भारत की स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहता हूं। पाकिस्तान की सीमा-पार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं होगी और उसके सजा से बचने की कोई उम्मीद नहीं है। इसके विपरीत, कृत्यों के निश्चित रूप से परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच अब केवल एक ही मुद्दा सुलझाया जाना शेष है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करे और आतंकवाद के प्रति अपने दीर्घकालिक जुड़ाव को तिलांजलि दे।

## सोमनाथ मंदिर के पास एक साथ 9 धार्मिक ढांचों पर चले बुलडोजर

### 1400 पुलिसवालों ने खाली कराई 320 करोड़ की जमीन

**अहमदाबाद,29 सितंबर।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पास बुलडोजर ऐक्शन की कार्रवाई 12 घंटों तक चली। यहां अल्पसंख्यक समुदाय के एक साथ 9 धार्मिक ढांचों पर बुलडोजर चलाया गया है। बताया जा रहा है कि यह सभी धार्मिक ढांचे प्रभास पाटन में सरकारी जमीन पर बने थे।

सुबह पांच बजे से शुरू हुआ अतिक्रमण विरोधी अभियान शाम तक चला और 320 करोड़ की जमीन खाली कराई गई। इस दौरान भारी भीड़ इकट्ठा हो गई जिसने कार्रवाई रोकने की कोशिश की। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने 135 लोगों को हिरासत में लिया। 1400 पुलिस कर्मियों ने नॉन स्टॉप कार्रवाई की और 102 एकड़ की जमीन खाली करा दी। इस दौरान प्रभास पाटन का मेन मार्केट भी बंद रहा। नौ धार्मिक ढांचों के अलावा, 45 मुसाफिर खाने (यात्रियों के



आवास) को भी ध्वस्त कर दिया गया। बताया जा रह है कि कार्रवाई से पहले नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी ढांचों को खाली करने के लिए प्रशासन ने और समय दिया था। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिड़िया जीआईडीसी सर्कल और शंख सर्कल के बीच 5 किमी सड़क को ब्लॉक भी कर दिया था। प्रशासन ने अभियान के लिए 35 अर्थमूवर्स, 52 ट्रैक्टर और 10 ट्रक तैनात किए थे। इस मौके पर तीन पुलिस अधीक्षक, चार पुलिस उपाधीक्षक, 12 निरीक्षक, 24 उपनिरीक्षक, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, उप-मंडल मजिस्ट्रेट और कार्यपालक मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## डोनाल्ड ट्रंप की 43 फीट ऊंची नग्न प्रतिमा वायरल

**वाशिंगटन,29 सितंबर।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अब गिनती के दिन रह गए हैं। आगामी नवंबर महीने में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपबल्किन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। सर्वेक्षणों में कहीं ट्रंप तो कहीं कमला हैरिस बाजी मार रही है। आज 29 सितंबर को सिल्वर स्टेट नेवाडा में कमला हैरिस की रैली है, इससे पहले लास वेगास में डोनाल्ड ट्रंप की नग्न तस्वीर देखी गई। लास वेगास नेवाडा में सबसे अधिक आबादी का शहर है। बताया जा रहा है कि फोम से बनी ट्रंप की इस विशाल प्रतिमा को आगामी कुछ समय के लिए ऐसे ही प्रदर्शित किया जाएगा और कथित तौर पर जिम्मेदार टीम ने ऐलान किया है कि आगामी नवंबर महीने में चुनाव से पहले इसे देशभर में फैलाया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप की 43 फीट ऊंची प्रतिमा करीब 2800 किलो वजनी है और फोम से बनी है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले साल 2016 में भी अमेरिका के 6 शहरों में डोनाल्ड ट्रंप की आदमकद नग्न प्रतिमाएं लगाई गई थीं। तब भी इसने खूब चर्चाएं बटोरी थी और ट्रंप समर्थकों ने जमकर बवाल काटा था। नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ट्रंप की नग्न तस्वीरों से एक बार फिर बवाल की आशंका बढ़ गई है। ट्रम्प की प्रतिमा शुक्रवार शाम को स्थापित की गई थी और उम्मीद है कि यह कुछ समय तक ऐसी ही रहेगी और इसे अमेरिका के अन्य शहरों में भी



प्रदर्शित किया जाएगा। इसे बनाने वाली टीम का कथित तौर पर कहना है कि आगामी नवंबर चुनाव के बारे में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस कलाकृति को ट्रंप समर्थक अश्लील और बेहद घिनौना कृत्य बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप की नग्न तस्वीरें वायरल हो गई हैं। अधिकांश ने इसे चुनाव के लिए बेहूदा स्टंट करार दिया है। इस प्रतिमा की निंदा भी की है। एक यूजर ने टिप्पणी की, ÷÷मैं इस आदमी के लिए मतदान कर रहा हूं!!! एक अन्य ने ट्रंप की तस्वीर का मजाक उड़ाते हुए डेमोक्रेट के समर्थन में वोट की अपील की है। जानकारों का कहना है कि शुरुआती सर्वेक्षणों और पहली डिबेट के बाद कमला हैरिस का पलड़ा डोनाल्ड ट्रंप पर भारी है और अगर ट्रंप 2024 का राष्ट्रपति चुनाव हार जाते हैं तो क्या अमेरिकियों को रक्तपात के लिए तैयार रहना चाहिए? अमेरिकी राजनीति का अध्ययन करने वाले एक विश्लेषक का कहना है कि मैं आसानी से कल्पना कर सकता हूं कि नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव के बाद दंगे भड़कने की संभावना है। छह जनवरी 2021 को 'कैपिटल विद्रोह' की पुनरावृत्ति हो सकती है या उससे भी बदतर स्थिति हो सकती है। बता दें कि चार साल पहले, 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने के प्रयास में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों ने इसके परिणामों को उग्र रूप से चुनौती दी थी। 63 मुकदमे दायर करके ट्रंप और उनके सहयोगियों ने नौ राज्यों में मतगणना, चुनाव प्रक्रिया और प्रमाणन मानकों को बदनाम करने या उन पर अंकुश लगाने का प्रयास किया।

## अपना जौहर दिखाने रायपुर पहुंचे सेना के जवान

**पहली बार भारतीय सेना के हथियारों की लगेगी प्रदर्शनी**

**रायपुर,29 सितंबर।** राजधानी में भारतीय सेना की ओर से 5 और 6 अक्टूबर को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में नो योर आर्मी मेला का आयोजन किया गया है. इसके लिए भारतीय सेना के जवान आज रायपुर पहुंचे. कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जवानों का स्वागत किया. बता दें कि प्रदेश में होने वाला यह अनोखा आयोजन है, जिससे आम जनता को करीब से सेना के बारे में जानने का मौका मिलेगा. कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडोज अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे, जिसे स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी देख सकेंगे. इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन होगा, जिसमे टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स एवं एयर डिफेन्स गन्स शामिल होंगी. साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडोज अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे, जिसमे कमांडोज द्वारा हवाई जहाज से पैरा जम्प एवं स्लिदरिंग का भी रोमांचक प्रदर्शन किया जाएगा. 05 अक्टूबर की संध्या सेना के बैंड्स द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जबलपुर एवं वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स की प्रतिभागिता होगी.



## इजरायल ने ली 60 फीट गहरे बंकर में छिपे नसरल्लाह की जान; गिराए 80 टन के बम

**येरुशलम,29 सितंबर।** इजरायल एक-एक कर विदेशी धरती पर भी अपने दुश्मनों को निशाना बना रहा है। इजरायल ने हिजबुल्लाह और हमास के प्रमुखों की हत्या करवाकर दुनिया को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया है। इजरायल ने ऐसे समय पर हवाई हमला किया जब हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह अन्य कई नेता बेरूत में एक ही जगह मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक जिस बंकर में हिजबुल्लाह चीफ छिपा था वह रिहाइशी इमारत के करीब 60 फीट नीचे था। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक हिजबुल्लाह के आतंकी इजरायल के खिलाफ ऐक्शन लेने का प्लान बनाने के लिए इकट्ठे हुए थे। वहीं इजरायल उन्हें रोकना चाहता था। इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकाने पर 80 टन के बम गिरा दिए। इतने बड़े बम धमाके से हिजबुल्लाह का मुख्यालय नेस्तनाबूत हो गया। हाल यह था कि नसरल्लाह के क्षत-विक्षत शव की पहचान करना मुश्किल हो गया था। रिपोर्ट्स में बताया गया कि उसकी अंगूठी और अन्य सामान से शव की पहचान की गई। इजरायल डिफेंस फोर्स के चीफ हर्जी हालेवी ने कहा, हमने नसरुल्लाह को खत्म करने के लिए ही एयर स्ट्राइक की थी। बेरूत के केंद्र में हिजबुल्लाह का मुख्यालय था। आतंकी संगठन के अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। इस हवाई हमले में हिजबुल्लाह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और मिसाइल का जखीरा भी बर्बाद हो गया।

इजरायली सेना के अधिकारी ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि इस हमले की योजना बनाने में कई महीने लग गए। हिजबुल्लाह ने भी अपनी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। इसके अलावा आतंकी संगठन के ठिकाने अंडरग्राउंड थे।



उन्होंने बताया, हमें रियल टाइम खुफिया जानकारी मिली थी कि नसरुल्लाह मुख्यालय में अन्य आर्तंकियों के साथ इकट्ठा होने वाला है। इससे पहले बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में आतंकवाद पर हमला बोलते हुए अपने हमलों को सही ठहराया था। हालांकि इस हमले के समय को लेकर कई इजरायल समर्थक देश भी परेशान नजर आए। अमेरिका का ही कहना है कि हमले से पहले उसे जानकारी नहीं दी गई। अमेरिका अन्य देशों केसाथ मिलकर सीजफायर का समझौता कराने में जुटा है।नसरल्लाह इजरायल पर कई बार हमले करवा चुका है। दशकों से इजरायल ने उसे अपनी टारगेट लिस्ट में शामिल कर रखा था। बीते कुछ सालों में नसरल्लाह की हत्या इजरायल के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं इस हत्या से मध्य एशिया में तनाव और भी गहरा सकता है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने जो लक्ष्य तय किया है उसके तहत ही नसरल्लाह की हत्या की गई है। इजरायल का कहना है कि जब तक हिजबुल्लाह हमले नहीं रोकता तब तक इधर से भी कार्रवाई जारी रहेगी। हिजबुल्लाह और इजरायल के युद्ध में लेबनान के करीब 2 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।

## सरकार विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने प्रतिबद्धः टंक राम

**रायपुर 29 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश तथा राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा के प्रयास पर बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में विकास के लिए 15 अधोसंरचना कार्य स्वीकृत किये गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण के 15 कार्यो के लिए 74 लाख रुपए 10 हज़ार रुपए की सूची जारी की गई है। सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ ग्रामीण विकास के कार्यो को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षेप

### कांस्टेबल ने की खुदकुशी

**भिलाई,29 सितंबर।** दुर्ग जिले में पुलिस के एक कांस्टेबल ने सुसाइड कर लिया। मृत कांस्टेबल शहीद का बेटा था। वह



अपने शहीद पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति में दुर्ग पुलिस में पदस्थ था। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग कातुलबोर्ड निवासी कांस्टेबल अभिषेक राय, उम्र 28 साल ने शनिवार रात अपने घर में ही जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। वह फिलहाल लाइन में पदस्थ था। कांस्टेबल के आत्महत्या मामले में जब सुपेला थाना प्रभारी से पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना की जानकारी से इनकार कर दिया। वहीं पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 से मिली जानकारी के अनुसार मृत कांस्टेबल का हाल ही में ट्रांसफर भिलाई तीन थाने में किया गया था पर उसे लाइन से रिलीव नहीं किया गया था कांस्टेबल के आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया है वही कांस्टेबल के आत्महत्या से उसका परिवार सदमे में है.

### नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में 5 जवान घायल

**जगदलपुर/बीजापुर,29 सितंबर।** नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है. नक्सली मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बल के 5 जवान माओवादियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी ब्लास्ट होने से घायल हो गए हैं. घायल जवानों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है. इस घटना की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने की है. मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के चिन्नागेलूर कैम्प से



सीआरपीएफ के जवान एरिया डोमिनेशन के लिए क्षेत्र में निकले थे. इस दौरान कैम्प से करीब 350 मीटर की दूरी पर माओवादियों द्वारा प्लांट आईईडी बम ब्लास्ट हो गया, जिससे 5 जवान उसकी चपेट में आ गए. अन्य साथी जवानों ने घायल जवानों की नजदीकी कैम्प पहुंचाया. बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया जा रहा है. सीआरपीएफ 153 वीं बटालियन के जवान एसी साकेत, इंस्पेक्टर संजय, सिटी/डीएच पवन कल्याण, सिटी/ जीडी लोचन मोहता और सीटी/जीडी डुले राजेन्द्र घायल हुए हैं. बताया जा रहा है कि सभी जवान खतरे से बाहर हैं.

### विष्णुदेव साय बने ओलंपिक संघ के अध्यक्ष

**रायपुर, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष सामान्य सभा की बैठक में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के पद पर चुना गया। इसी के साथ ही बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल व केदार कश्यप उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जबकि विक्रम सिसोदिया को महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। संजय मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### नेपाल से छोड़ा गया पानी, बिहार में बाढ़ का संकट और गहराया

**पटना,29 सितंबर।** नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बिहार के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति और खराब होने की संभावना बढ़ गयी है, जिसको लेकर सरकार ने रविवार को चेतावनी भी जारी कर दी है। जल संसाधन विभाग ने एक बयान जारी कर लोगों से सतर्क रहने को कहा है। बयान में विभाग ने कहा है कि नेपाल में भारी वर्षा के कारण आज सुबह पांच बजे कोसी बैराज वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है.

## एक नजर

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर लगातार होगी कार्रवाई:मोहन साहू



**कवर्धा,29 सितंबर।** कबीरधाम जिले में कई बसों में कंडक्टर या ड्राइवर त्योहार के दिन शराब पीकर गाड़ी चलते हुए या टिकट काटते हुए देखे जाते है और लेकिन अधिकतर बसी में ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार बहुत अच्छा रहता है जिसकी तारीफ भी होती है । तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया की लगातार बसी की चेकिंग की जाती है और बिना लाइसेंस और शरण पीकर गाड़ी चलाने वालो पर कड़ी कारवाई भी होती है । बस हो या ऑटो या जीप या कोई भी वाहन यदि शराब पीकर गाड़ी चलाते है तो यातायात विभाग समय समय पर कारवाई करती है । यात्रियों के साथ साथ बच्चो की सुरक्षा पर यातायात विभाग के अधिकारी हमेशा ध्यान रखते है और ज्यादा भीड़ बस में ना करे और यात्रियों को तकलीफ ना हो और महिलाओं और बुजुर्गो , दिव्यांगो के लिए बस में सीट आरक्षित है जिस पर बस संचालकों को ध्यान देना चाहिए । आवश्यकता से ज्यादा यात्रियों को रखने पर कारवाई होती है । स्कूल , कालेज के स्टूडेंट भी हेलमेट कम पहन रहे है जिस सवाल पर उन्होंने कहा की स्टूडेंट्स और सभी लोगो से विनम्र अपील है की हेलमेट अवश्य पहनिए क्योंकि जब भी दुर्घटना होती है तो हेलमेट जीवन को सुरक्षित रखता है । स्कूली बस के ड्राइवर को लाइसेंस अवश्य होना चाहिए और विभाग लगातार चेक भी करती है और यातायात विभाग और पुलिस विभाग भी लगातार पाढशाला और कालेजों में भी यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करती है । बस में ड्राइवर और हेल्पर ड्रेस कोड का इस्तेमाल अवश्य करे और गाड़ी तेज गति में ना चलाए और यात्रियों के साथ सादगीपूर्ण और विनम्रता पूर्वक व्यवहार हो ।

### बाबा दरबार में नवरात्रि की तैयारी शुरू



**उतई,29 सितंबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है दरबार को रंग रोगन किया जा रहा है एवं गुमान साहू के द्वारा लाइट से सजाया जा रहा है दरबार में नवरात्रि 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा एवं दरबार में ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु 701 रु शुल्क राशि निर्धारित किया गया है नवरात्रि के पहले दिन लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान मंत्र उच्चारण के साथ घटस्थापना किया जाएगा।

### जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्य बने रोहित साहू



**उतई,29 सितंबर।** जिला प्रभारी मंत्री उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न समितियों में की सदस्यों की नियुक्ति साहू के जिला सतर्कता एवम् मैनिट्रिंग समिति के सदस्य बनने पर अंचल में खुशी की लहर चलने लगी है।बधाई देने वालो की ताता लगी है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**उतई, 29 सितंबर।** प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल की उपस्थिति में आयोजक जिला दुर्ग एवं धमधा राज के पदाधिकारीगणों की विशेष बैठक ग्राम बानबरद में सम्पन्न हुआ जिसमें आगामी 17 नवम्बर को धमधा में आयोजित कार्यक्रम का ब्लू प्रिंट तैयार कर आगे की रणनीति पर चर्चा किया गया।अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार समाज श्री सुनील पटेल, उपाध्यक्ष श्री खेलु पटेल,,जिलाध्यक्ष दुर्ग श्री आत्माराम पटेल, महामंत्री श्री मनेन्द्र पटेल, श्री सुंदरलाल पटेल जी,,, धमधा राज से राज साहब, श्री दुखवाराम पटेल, श्री विनोद पटेल, बानबरद से श्री गज्जू पटेल एवं अन्य स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

# उपसंचालक, समाज कल्याण अभिलाषा ने नशा मुक्ति अभियान के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 सितंबर।** नशा मुक्त भारत अभियान'' के तहत् कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम तथा नशामुक्ति हेतु स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा ''नशामुक्ति थीम'' पर भाषण, चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में कु.रिजा खान ने प्रथम स्थान, कु.पलक शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं राजकुमार झारिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध




प्रतियोगिता में कु.विदुला श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, कु.प्रियंका कुशवाहा ने द्वितीय स्थान एवं कु.उजमा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में कु.दिक्षा धुर्वे ने प्रथम स्थान, आयुश श्रीवास ने द्वितीय स्थान एवं सिमांत अनंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता प्रतिभागियों को श्रीमति अभिलाषा पण्डा, उपसंचालक, समाज कल्याण, जिला कबीरधाम द्वारा पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रंगलाल बारले एवं समस्त स्टॉफ/विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों/अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नशामुक्ति हेतु शपथ लिया गया । समाज कल्याण उपसंचालक अभिलाषा पांडा ने बताया की कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है ।



### नशा मुक्ति अभियान में समाज की सहभागिता बहुत जरूरी :सांसद

**कवर्धा,29 सितंबर।** नशा मुक्ति अभियान के सवाल पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा की नशा मुक्ति अभियान बहुत जरूरी है और नशा मुक्त अभियान के प्रति समाज की सहभागिता जरूरी है ।



### सांसद विजय बघेल को विदेश मामलों की सलाहकार समिति में मनोनयन पर बधाई

**भिलाई, 29 सितंबर।** जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता एवं रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल के संसद में विदेश मामलों के सलाहकार समिति में मनोनयन पर जनहित संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, बंटी नाहर, हरिशंकर चतुर्वेदी, उमेश मिश्रा, कैलाश सिंह, राकेश मिश्रा, विशालदीप नायर, राजेंद्र गुप्ता, शिवकुमार सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### स्वच्छता ही सेवा, नगर पंचायत पाटन ने चलाया सफाई अभियान

**उतई।** नगर पंचायत पाटन द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया । इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष कुणाल शर्मा,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निशा सोनी,नगर भाजपा अध्यक्ष होरीलाल देवांगन,सुरेन्द्र वर्मा,छबिश्याम देवांगन,योगेश सोनी,सागर सोनी,नितेश तिवारी,राज देवांगन,रोहित देवांगन,आदित्य सावर्णी,छोटेलाल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,चंद्रप्रकाश देवांगन,अनिकेत मिश्रा,विक्की बंछोर,नगर पंचायत के अधिकारी सौरभ वाजपेयी योगेश भोई जलज पाण्डेय प्रवीण कुंभकार कलानाथ पदुम सहित स्टॉफ व स्वच्छता समूह के बहनें की उपस्थित रहे।



### मजदूर महिलाओं ने भी की शराब बंदी की मांग

**कवर्धा,29 सितंबर।** सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने मंहगाई और शराब बंदी पर चर्चा की तो गरीब मजदूर महिलाओं ने कहा की प्याज महंगा है और शराब बिक्री तत्काल बंद होना चाहिए । क्योंकि शराब के कारण झगड़े बहुत ज्यादा होता है ।



### टमाटर और प्याज महंगा ग्राहक परेशान

**कवर्धा,29 सितंबर।** प्याज 60 रुपया सुनकर ग्राहक सोच में दिख रहे है और टमाटर के अलग अलग रेट सुनकर भी ग्राहक बहुत दिख रही है । प्याज की बिक्री बहुत कम हो गई है इसलिए सरकार को प्याज का भाव कम करने पर ध्यान देना चाहिए ।

# वियतनाम के फायरिंग रेंज में सुरेश ने दिखाया जौहर, बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

**भिलाई, 29 सितंबर।** दक्षिण पूर्व एशिया के खूबसूरत देश वियतनाम घूमकर लौटे भिलाई के पर्यटक सुरेश कुमार साहू ने बताया कि कई अंतरराष्ट्रीय कारणों से वियतनाम उन्हें बहुत अच्छा देश लगा। खासकर भारत के साथ उसके सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के चलते अनेक विशेषताएं देखने को मिलीं। वियतनाम के भारत के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध शुरू से रहे हैं। वहां के लोगों में भारतीयों के लिए बहुत आदर और सम्मान है। दोनों देशों की विविधता और सांस्कृतिक बाहुल्य के साथ आर्थिक संबंध बहुत पुराने हैं। सुरेश साहू ने बताया कि वे वियतनाम में तीन दिनों तक रहे लेकिन इन तीन दिनों में बहुत कुछ सीखने को मिला। खासकर मुखर राष्ट्रवाद वहां कूट-कूटकर भरा है। वहां के लोग अपने पर्सनल विकास की कभी नहीं सोचते। उनके लिए देश महत्त्वपूर्ण है। उनके लिए देश प्रमुख है। सुरेश कुमार साहू ने वहां के



ऐतिहासिक युद्ध क्षेत्र का भी दौरा किये और फायरिंग रेंज में जाकर फायरिंग का जौहर भी दिखाया। वियतनाम के, हो ची मिन्ह सिटी से कुछ दूरी तय करने पर कू ची टनल को भी उन्होंने देखा और बताया कि वहां पर्यटकों की भरमार है। यह टनल बहुत ही रहस्मय और भयावह है। उन्होंने बताया कि युद्ध के लिए वहां बनाई गई तीन बाई तीन की सुरंगें और गोला, बारूद, तोपें और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ ही घने जंगल आदि को देखकर समझ में आया कि युद्ध की विभीषिका होती क्या है। साहू ने बताया कि यहाँ के लोग इतने रचनात्मक हैं उपयोग की जाने वाली फायरिंग गोलियों से वे लोग खिलौने बनाकर बेचते हैं और लाभ कमाते हैं। इतना ही नहीं वे राष्ट्रीय बचत की भी बहुत सोचते हैं। वे लोग कार के स्थान पर बाइक का इस्तेमाल अधिक करते हैं कि इससे राष्ट्रीय बचत सुनिश्चित हो सके। जिसके पास पैसा नहीं है वह फाइनेंस कराके कार में नहीं घूमता बल्कि बाइक की शान रहती है। इसीलिए उसे बाइकों का देश भी कहा जाता है। वहां हर जगह भर्राशाही नेतागिरी का चक्कर नहीं दिखा। 60-70 किलोमीटर पर एक ट्रैफिक सिग्नल है जहाँ कोई सिपाही नहीं रहता और हरेक आदमी नियम फॉलो करता है। राष्ट्र के प्रति समर्पित लोग हैं। भारतीय संस्कृति की अमिट छाप अनेक स्थलों पर साफ़ दिखाई देती है। भारतीय लोग भी वहां की अर्थव्यवस्था के अहम् अंग हैं। खासकर बनारस के कुछ लोग होटल आदि के व्यापार में आगे हैं। भारतीय व्यंजनों की भरमार है। भारत-वियतनाम संबंधों को लेकर वहां सुखद वातावरण है खासकर आधुनिक शिक्षा, आईटी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बेहद महत्त्वपूर्ण है। खेती-किसानी भी काबिले तारीफ है।

### बीएसपी कर्मचारी संघ ने निकाली मशाल रैली, हड़ताल की चेतावनी



**भिलाई, 29 सितंबर।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वान पर शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने विशाल मशाल जुलूस निकाला । जुलूस मुर्गा चौक से निकल कर बीटीआई चौक से पुनः मुर्गा चौक पर आकर समाप्त हुआ। सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा तरिके एएसपीएलआईएस फॉर्मुला लागु करने तथा खाते में बोनस राशी भेजने से सेल तथा बीएसपी कर्मचारी आक्रोशित हैं। कर्मियों ने प्रोडक्शन रिलेटेड पे के समर्थन में 26-28 सितम्बर को काला बैज लगाकर काम किया है। जुलुस को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि प्रोडक्शन तथा एबिटा बढ़ते जा रहा है परंतु सेल प्रबंधन कर्मचारियों का शोषण कर रही है । प्रोडक्शन रिलेटेड पे कर्मचारियों का हक है और हम लेकर रहेंगे । महासचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि पहले वेज रिवीजन, एरियर में धांधली , अब बोनस में धांधली को हम नहीं सहेंगे । एनजेसीएस तथा पुराने यूनियन नेताओं ने निजी लाभ के लिए कर्मचारियों के मुद्दों को बंधक रख दिया है। कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा ने कहा कि हम वेज रिवीजन में धांधली पर कोर्ट गए है, आगे बोनस धांधली, हाउस पर्क्युजीट, डी ग्रेडेशन, अधिकारियों के बराबर छुट्टी पर भी कोर्ट जायेंगे । ग्रेट प्लेस टू वर्क वाली कंपनी में भेदभाव नहीं चलेगा ।

# आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत भिलाई 3 में निकली जन-जागरूकता रैली

**भिलाई, 29 सितंबर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत जन-जागरूकता रैली को चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य शर्मा, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर भिलाई 3 वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमलता चंदकार आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ नितिन कश्यप खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी सैय्यद असलम व एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि देश हो रहा आयुष्मान, आयुष्मान से विकसित भारत की मजबूत आधारशिला, आयुष्मान से बदलती ग्रामीण भारत की दिशा सहित विभिन्न नारो से मितानिनों व स्वास्थ्य



कर्मचारी तथा निगम चरोदा भिलाई 3 के कर्मचारियों की आवाज से नगर की गलियां गूंज उठी। असलम ने बताया कि हर आयु वर्ग का आयुष्मान कार्ड बनाने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग,निगम मिलकर वार्डों में शिविर लगाकर जिनके अब तक कार्ड नहीं बने हैं उसका पंजीकरण करके नवीन कार्ड बनाए जा रहे हैं वहीं जिनके कार्ड बनकर आ गए हैं उनको वितरण किया जा रहा है। नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर भिलाई 3 ने कहा लोगों को चाहिए कि कुछ समय अपने स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए देकर कार्ड बना लें जब लोग गंभीर बीमारी में पीड़ित हो जाते हैं कार्ड नहीं होता है तो कठिनाइयों का सामना करते देखा गया है। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, मितानिन एरिया समन्वयक श्रीमती शमीम बानो, स्वच्छता निरीक्षक वीणु वर्मा रवि पवन निक्की मितानिन प्रेरकों में श्रीमती प्रतिभा वर्मा, श्रीमती शकुन साहू श्रीमती कांति विभोर सतरूपा निर्मल कर श्रीमती उषा वर्मा श्रीमती पी स्वामी श्रीमती सोनसीर देशलहरे, यशवंत साहू राज विजय लक्ष्मी हेमलता निर्मलकर विधा कहरे प्रभात यादव, रेखराम साहू, भूपेंद्र सिंहा सहित स्वास्थ्य विभाग,निगम, मितानिन साथियों का बडा योगदान रहा

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का पाटन में शुभारम्भ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,29 सितंबर।** 24 वीं शालेय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन पाटन में शनिवार को शुरू हुआ। समापन 29 सितंबर को होगा। 28 सितंबर शनिवार सुबह 11 बजे से ऑडिटोरियम के प्रतियोगिता का शुरुआत अतिथियों ने किया। इससे पहले खेल ध्वजारोहण किया गया इसके बाद स्पर्धा में शामिल पांचों संभाग के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी है। इस प्रतियोगिता में अंडर 17 और अंडर 19 के पांच भाग के खिलाड़ी शामिल होंगे। बालक और बालिका दोनो वर्ग का लिए यह स्पर्धा आयोजित है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे । अध्यक्षता विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया। विशेष अतिथियों में भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, श्रीमती हर्षालोकमणी चंद्राकर जिला पं. सदस्य दुर्ग, श्रीमती राम बाई सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, लोकमणि चंद्राकर मण्डल अध्यक्ष उत्तर पाटन, लालेश्वर साहू मंडल




अध्यक्ष दक्षिण पाटन , नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, भाजपा नेता सुरेंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष होरी लाल देवांगन, युवा मंडल अध्यक्ष कुणाल शर्मा पोसूराम निर्मलकर थे। अतिथियों के स्वागत के बाद स्वागत भाषण डीईओ अरविंद मिश्रा ने दिया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा की पाटन खेल में भी विषय पहचान बना रहा है। खेल जीवन में जरूरी है। खिलाड़ी हमेशा अनुशासन में रहते है। खिलाड़ी लगी निराश और हताश नहीं होता। खेल में हार जीत लगा रहता है। हार से आगे और कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलता है और जीत से उत्साह मिलता है। पाटन राजनीतिक रूप से जागरूक तो है लेकिन अब खेल से भी पाटन का राम रोशन हो रहा है। अध्यक्षीय संबोधन देते हुए विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा ने कहा कि बच्चे सपना देखे और उस सपना को पूरा करने कड़ी मेहनत करें। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा की भारत 2047 तक विकसित नंबर एक पर रहे। इसके अलावा भारत को विश्व गुरु बनाना है। इसके लिए खेल का दिशा में भी भारत विश्व अपना परचम लहरा रहा है। संचालन नरोत्तम साहू ने तथा आभार व्यक्त बी ई ओ प्रदीप महिलांगे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीईओ अरविंद मिश्रा, एसडीएम लवकेश ध्रुव, बी इ ओ प्रदीप महिलांगे, दामोदर चक्रधारी, पी देवदास, जयंत वर्मा, ललित साहू, सौरभ मरावे, सलभ कीर्तन, संतोष शर्मा, नीरज सिन्हा, जे एल वर्मा, यतीश साहू, होरी लाल देवांगन, पोसू राम निर्मलकर, एडिशनल बीईओ अमित शुक्ला पूर्व सरपंच श्यामा साहू, केवल देवांगन, बाबा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता का पुरस्कार एवं समापन समारोह 30 सितंबर सोमवार को सुबह 11 बजे से रेस्ट हाउस के पीछे खेल मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक - दुर्ग ग्रामीण उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण होंगे। अध्यक्षता गजेन्द्र यादव विधायक करेंगे।विशिष्ट अतिथि श्रीमती हर्षालोकमणी चन्द्राकर जिला पं. सदस्य दुर्ग, श्रीमती राम बाई सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, खेमलाल साहू मण्डल अध्यक्ष मध्य पाटन, लोकमणि चन्द्राकर मण्डल अध्यक्ष उत्तर पाटन, लालेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन, भाजपा नेता सुरेंद्र साहू, होंगे। खेल प्रभारी पोखन साहू ने बताया की यह आयोजन जिला प्रशासन व शालेय शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा किया जा रहा है।



### वार्ड-3 जामुल में सड़क पर रेत डालने से वार्डवासियों-राहगीरों को परेशानी

**भिलाई, 29 सितंबर।** नंदिनी रोड वार्ड-3 लक्ष्मीपारा जामुल में सड़क पर रेती डालने से वार्डवासियों-राहगीरों को हो रही है। परेशानी सप्ताह भर पहले नंदिनी रोड जामुल दुर्गा मंदिर के पास से केमिकल भरे ट्रक से तेल गिरने की वजह से कई चालक वाहन सहित स्लिप होकर गिर रहे थे। इसलिए रेती डाला गया था जिससे कोई भी अप्रिय दुर्घटना ना हो सड़क पर ऑयल सूखने के बाद भी रेती डस्ट अभी तक रोड से हटाया नहीं गया। जिसे जामुल वासियों को धूल डस्ट से कई सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सामने से आने वाली वाहन भी दिखलाई नहीं दे रहे जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता राजू गुप्ता ने ऑनलाइन निदान में किया है।

# निरोगी काया के लिये योग, पारंपरिक और आधुनिक आहार की समझ बचपन से होनी चाहिए

**रायपुर, 29 सितम्बर।** योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आहार विज्ञान को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करने आज सर्व समाज समन्वय महासभा ने विषय विशेषज्ञों, समाजिक कार्यकर्ताओं, और विभिन्न संगठनों की वृहत महासभा का आयोजन वृंदावन हाल सिविल लाइन में किया। इस आयोजन में महासभा द्वारा योग, प्राकृतिक चिकित्सा, और आहार विज्ञान को बच्चों के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु प्रस्ताव सभी की सहमति से पारित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.उदयभान सिंह चौहान ने अपने व्याख्यान में कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों को जन जीवन तक पहुँचाने के लिये सभी की सहमति आवश्यक है . प्रकृति के अनुसार चिकित्सा, निरोग काया के लिये योग, और पारंपरिक और आधुनिक आहार की समझ बचपन से ही होनी चाहिए. महासभा की अध्यक्षता करते हुए प्रो डॉ संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' ने कहा कि अंत्योदय की अवधारणा को लेकर कार्य करने वाली सरकार की नीतियों पर जन चेतना के लिये महासभा का यह विशिष्ट आयोजन है।



कार्यक्रम संयोजक दोस्त और प्योर संस्था के संस्थापक डॉ सत्यजीत साहू ने बताया कि इस महासभा में बहुत से अतिथि वक्ताओं ने मतंव्य रखे जिसमें डॉ अरुणा पल्टा पूर्व कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, डॉ विवेक भारती योग चिकित्सक, डॉ श्वेता छाबड़ा आहार विशेषज्ञ, डॉ प्राणेश्वर गुरू गोस्वामी प्राकृतिक चिकित्सक, अनिल चंद्राकर योग शिक्षक संघ, डॉ मंजू ठाकुर योग व्याख्याता, डॉ संगीता कौशिक आयुर्वेद विशेषज्ञ, स्वाति देवांगन पीएससी प्रशिक्षक और लेखा अधिकारी, किशोर महानंद भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, आचार्य अर्पितानंद अवधूत आनंदमार्ग आश्रम, प्रियंका उपाध्याय योग प्रशिक्षक ने प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया . डॉ सत्यजीत साहू ने कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के अलावा, लोक मानस की जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. छगनलाल सोनवानी की टीम के द्वारा राष्ट्रीय योग चयनित बच्चों ने संगीत मय योग प्रस्तुति दी, साथ ही पीएचडी स्कालर सुजीत सुमेर ने बाँसुरी वादन और गुंजन साहू की टीम ने छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा का प्रदर्शन किया . महासभा आयोजन कमेटी में आदित्य टंडन, सुषमा पटनायक, जिज्ञासा साहू, खोमेश साहु, सुनील शर्मा, एडवोकेट संतोष ठाकुर आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

### ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

# मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री हुए शामिल



■ **32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया गया। जिसमें 12 करोड़ 78 लाख 93 हजार रूपए के 21 कार्य का लोकार्पण एवं 19 करोड़ 28 लाख 67 हजार रूपए के 14 कार्य का भूमिपूजन शामिल है। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के 1 कार्य का लोकार्पण एवं 10 करोड़ 25 लाख 78 हजार रूपए के 7 कार्य का भूमिपूजन, स्वास्थ्य विभाग (सीजीएमएससी) अंतर्गत 4 करोड़ 25 लाख 48 हजार रूपए के 13 कार्य का लोकार्पण एवं 6 करोड़ 97 लाख 28 हजार रूपए के 4 कार्यों का भूमिपूजन, जल संसाधन संभाग अंतर्गत 4 करोड़ 94 लाख 22 हजार रूपए के 2 कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अंतर्गत 99 लाख 46 हजार रूपए के 5 कार्य का लोकार्पण, पुलिस अधीक्षक अंतर्गत 20 लाख रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन, कृषि विभाग अंतर्गत 19 लाख 99 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन किया गया।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के आलीवारा से टेका हरदी मार्ग लम्बाई 3 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित का लोकार्पण किया गया तथा 1 करोड़ 4 लाख 51 हजार रूपए के वृत्त कार्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, 75 लाख 23 हजार रूपए के ग्राम माड़ीतराई में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 70 लाख 30 हजार रूपए के ग्राम पंचायत ईरा में गौठान में मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग लम्बई 1.20 किलोमीटर, 1 करोड़ 17 लाख 49 हजार रूपए के जीई रोड से पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र हेलीपेड पहुंच मार्ग लम्बाई 2.11 किलोमीटर का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 1 करोड़ 95 लाख 59 हजार रूपए के जीई रोड से आठवीं बटालियन आवासीय भवनों का पहुंच मार्ग लम्बाई 1.605 किलोमीटर का मजबूतीकरण एवं नया डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 1 करोड़ 29 लाख 68 हजार रूपए के सुरगी के कोटराभाठा मार्ग लम्बाई 1.05 किलोमीटर का निर्माण पुल-पुलिया सहित, 2 करोड़ 32 लाख 98 हजार रूपए के उसरीबोड नगर मार्ग लम्बाई 1.50 किलोमीटर का डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 7 अक्टूबर तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 7 अक्टूबर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 सितम्बर को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में, हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में, 1 अक्टूबर को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेण्ड्री में रेवाडी आशानगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में एवं 3 अक्टूबर को गुरू गोविंद सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्री शाला में व सूर्यमुखी देवी वार्ड नं. 26 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11: 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### गांधी जयंती पर मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 28 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गांधी जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 2 अक्टूबर दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराने वाले तीन ढाबा संचालकों पर कार्रवाई

**राजनांदगाव, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के नेतृत्व मे थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवम चाकूबाज के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर ढाबा में शराब पिने के लिए जगह मुहैया कराने वाले शेरे पंजाब ढाबा पेंड्री के संचालक सुरजीत सिंह पिता हरभजन सिंह उम्र 58 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 42 राजनंदगांव, बिहार पटना ढाबा के संचालक रोहित यादव पिता मोहन यादव उम्र 23 वर्ष साकिन पेंड्री राजनंदगांव, देवांगन ढाबा रीवा गहन के संचालक रजत देवांगन पिता देव कुमार देवांगन उम्र 24 वर्ष साकिन रीवा गहन थाना लालबाग जिला राजनांदगांव तीनों अपने अपने ढाबा में शराब पिलाने के जगह मुहैया कराते मिले जिनके खिलाफ़आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। कार्रवई में शोभाराम बेरवंशी, पुखराज देशमुख, राकेश, की भूमिका रही।

### छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग से भी आदिवासी परिवार को नहीं मिल पा रहा है न्याय

# पीड़ित आदिवासी महिला न्याय की आस में दर-दर भटकने को मजबूर

✍ उत्तम साहू

**नगरी, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है। आयोग का कार्य अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और सुरक्षा उपायों से वंचित करने के संबंध में विशिष्ट शिकायतों की जांच करना है। ताकि पीड़ित आदिवासी परिवारों को उनके हक और अधिकार के तहत न्याय मिल सके, लेकिन इस आदिवासी आयोग में भी आदिवासी परिवार को न्याय नहीं मिल रहा है, आदिवासी महिला ने न्याय पाने की आस में आयोग का दरवाजा खटखटाया था लेकिन लगभग दो वर्ष बीतने के बाद भी आयोग के कई चक्कर लगाने के बाद भी, आज तक पीड़ीता को न्याय नहीं मिल सका है, आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए बड़ी-बड़ी बातें होती है लेकिन यह सब बातें भाषण और कागजों तक सिमट कर रह गई है यहां पर तो खुद आदिवासी प्रतिनिधि ही आदिवासी समाज के शोषण करने में लगे हुए हैं, आर्थिक रूप से दबे कुचले पीड़ित आदिवासी परिवारों को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है ऐसे में आदिवासी हितों की बात करना बेमानी होगी।

■ **मामला दमकाडीही के आदिवासी परिवार के नौ एकड़ जमीन को गैर आदिवासी परिवार द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराने का**

■ **जांच अधिकारी बिना जांच किए ही जांच रिपोर्ट करते हैं तैयार और शिकायत को बताते हैं निराधार**



### जानिए क्या है पूरा मामला

आदिवासी विकास खंड नगरी के दमकाडीही निवासी गरीब आदिवासी परिवार के जब्बर्रा रोड स्थित 9 एकड़ को भुमि को एक साहू परिवार के द्वारा बलपूर्वक दादागिरी करके इस भुमि पर कब्जा कर लिया है, इसके बाद अधिकारियों से मिली भगत करके फर्जी रूप से रजिस्ट्री करवा लिया, इतना ही नहीं बल्कि रजिस्ट्री कराने के बाद जमीन पर प्राकृतिक रूप से लगे हुए सैंकड़ों पेड़ों को कटवा कर वन विभाग से 30 लाख रुपए का मुआवजा भी प्राप्त कर लिया है, इधर पीड़ित आदिवासी परिवार अपने जमीन को वापस पाने और रजिस्ट्री को निरस्त कराने के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन कर्तव्य विहिन अधिकारियों की कार्यशैली की वजह से इस आदिवासी परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है, आपको बता दें कि दमकाडीही की इस आदिवासी विधवा गरीब महिला के पति और ससुर ने जमीन हड़पने की शिकायत करते हुए 170(ख) के तहत नगरी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया था, प्रकरण की सुनवाई के दौरान एसडीएम ने पाया कि इस आदिवासी की जमीन को दबंगों के द्वारा छल कपट एवं बलपूर्वक कब्जा किया गया है, इसके बाद एसडीएम ने 2018 को अपने फैसले में लिखा है कि दबंगों के कब्जे से जमीन को आदिवासी परिवार को वापस दिलाने तहसीलदार को निर्देशित किया था, लेकिन इस फैसले पर अमल नहीं हुआ, और साहू परिवार के लोग एसडीएम के आदेश को राजनीतिक संरक्षण के चलते गुप-चुप तरीके से निरस्त करवा कर जमीन की रजिस्ट्री फर्जी रूप से करवा लिया है, गौरतलब है छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री नहीं हो सकता लेकिन यहां पर उच्च स्तरीय राजनीतिक संरक्षण में इस नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया गया है और आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री कर दिया गया है इसकी उच्च स्तरीय जांच होने पर मामले का खुलासा हो जाएगा।

### फर्जी रजिस्ट्री में शामिल सभी लोगों के खिलाफ है अपराध दर्ज

अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के विरुद्ध होने वाले क्रूर और अपमानजनक अपराध के लिए बनाए कानून के तहत इन तीनों व्यक्तियों के साथ ही इस कार्य में शामिल अधिकारी कर्मचारी पर एफआईआर कराके मुकदमा दर्ज करना चाहिए, एवं आदिवासी की जमीन रजिस्ट्री को शून्य घोषित कर मालिक मकबूजा से मिले 30 लाख रुपए की राशि को आदिवासी परिवार को दिया जाना चाहिए, इस मामले पर रिटायर्ड आदिवासी अधिकारियों की एक जांच समिति बनाई जाए और उनसे जांच कराई जाए तभी मामले का खुलासा होगा अन्यथा विभागीय अधिकारी टेबल में बैठकर जांच करेंगे और दबंग परिवार के खिलाफकी गई शिकायत को निराधार बताते रहेंगे, इस प्रकरण पर जितने भी जांच हुए हैं उसकी जांच रिपोर्ट लेकर जांच अधिकारी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए। ताकि आदिवासी मामले में कोई भी अधिकारी झूठी जांच रिपोर्ट नहीं बना सके।

### जांच अधिकारी टेबल में बैठकर बनाते हैं जांच रिपोर्ट

बता दे कि उक्त पीड़ित आदिवासी परिवार कलेक्टर से लेकर राज्यपाल और अनुसूचित जनजाति आयोग तक न्याय की गुहार लगा चुके हैं, शिकायत पर उच्च कार्यालय से जांच करने का आदेश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिया जाता है तो अधिकारी वस्तु स्थिति का जायजा नहीं लेते ना ही पीड़ित पक्ष का बयान लेते हैं और टेबल में बैठकर जांच रिपोर्ट तैयार कर देता है जिसमें लिखा होता है कि शिकायत में लगाया गया आरोप निराधार है, ऐसे जांच करने वाले अधिकारियों पर भी कड़ी सी कड़ी कार्रवाई हो।

### पीड़ित आदिवासी परिवार ने पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव पर लगाया दबंगों को संरक्षण देने का आरोप

पीड़ित परिवार ने बताया कि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव के द्वारा जमीन हड़पने वाले दबंग परिवार को खुलेआम संरक्षण देने का कार्य किया है, 218 में एसडीएम के द्वारा जमीन लौटान के फैसले के बाद विधायक ने अपने पद और पावर का दुरुपयोग कर उक्त एसडीएम का तबादला करवा दिया, और हमें बिना सुचना दिए बगैर विधायक ने राजनीतिक दबाव बना कर एसडीएम के आदेश को कलेक्टर से निरस्त करवा कर दिया गया है जबकि होना यह था कि आदेश निरस्त करने से पहले पीड़ित परिवार का पक्ष को भी जानना था लेकिन इस प्रकरण में ऐसा नहीं हुआ, और कलेक्टर ने बिना सुनवाई के एसडीएम के फैसले को निरस्त कर दिया गया, इसके बाद रजिस्ट्री करवाया गया है।

# शारदीय नवरात्रि में गरबा की रहेगी धूम

## आयोजन की भव्य तैयारी, इंडोर स्टेडियम में गरबा प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने बहाया पसीना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 29 सितम्बर।** शारदीय नवरात्रि में मां अंबे की आराधना और उपासना का पर्व नवरात्रि में विवेकानंद इनडोर स्टेडियम में गरबा समिति द्वारा रास-गरबा डांडिया महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। गरबा समिति द्वारा नवरात्रि के प्रत्येक दिवस के लिए प्रतिभागियों के एिल डेऊ्स कोड, कलर कोड और थीम निर्धारित किया गया है। नवरात्रि में पंचमी और अष्टमी दिवस में मातारानी की विशेष पूजा एवं महाआरती के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन और प्रतिभागियों के लिए सेल्फी जोन और महिला, किशोर और



पुरूष वर्ग में आकर्षक पुरूस्कार भी गरबा समिति द्वारा रखा गया है। नवरात्रि के प्रथम दिवस पीला रंग या राधा कृष्ण थीम, द्वितीय दिवस सफेद रंग या बंगाली थीम, तृतीय दिवस गुलाबी रंग या पंजाबी थीम, चतुर्थ दिवस हरा रंग या छतीसगढी थीम, पांचवा दिवस आरेंज रंग या धार्मिक पात्र, छटवां दिवस मल्टीकलर या ओल्ड हीरो हीरोईन थीम, सांतवा दिवस नीला रंग या साउथ इंडियन थीम, अष्टमी नवमी को लाल रंग या घाघरा चुनरी कुर्ता पैजामा साडी एवं नवमी में गुजराती परिधान या केडिया डेऊ्स कोड एवं कलर कोड समिति द्वारा निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में सात दिनो तक 450 प्रतिभागियों को चार बैचेस में गुजरात के प्रशिक्षक कोरियोग्राफ्र सन्नी गिल, इंस्ट्रक्टर रवि भारद्वाज, राहुल व्हील की टीम द्वारा गरबा के स्टेप्स, जैसे बेसिक वन टू, दो ताली, तीन ताली, झंकार, राधा, झांझर, पुष्पा, चैकडी, छकडी, डौडिया, डखला, चैकडी, छकडी, डांडिया का प्रशिक्षण म्यूजिक की बीट्स पर लेग और हैण्ड मुवमेंट के साथ दिया गया। इस प्रशिक्षण में स्कुल-कालेज की लडकियों के साथ ही महिलाएं भी बडी संख्या में गरबा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। प्रशिक्षण में गरबा समिति के पुष्पा तिवारी, कशिश जेठानी, भारती सुंदरानी, वीणा खत्री, प्रतिमा पिल्लै, प्रसन्न नायडू, सूरज देवांगन, मनीष देवांगन, दुर्गेश द्विवदी, राहुल वर्द्धयानी, संगीता श्रीवास्तव, रेखा तिवारी, सरिता देवांगन, सरोजनी नाग, करूणा देवांगन सहित प्रतिभागीगण उपस्थित थे।

### मवेशियों को 407 में भरकर ले जा रहे आरोपी बंदी

■ **आरोपी वाहन चालक लवन में झालर लाइट खंभा एवं एक कार को ठोका**

■ **मवेशियों सहित 407 वाहन को मौके पर छोड़कर हो गया था फरार**

■ **प्रकरण में लिप्त आरोपी गिरफ्तार, जब्त वाहन को राजसात करने की कार्रवाई**

**राजनांदगांव, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 17 सितम्बर को प्रार्थी कृष्णकांत निवासी वार्ड क्रमांक 10 न.पं. लवन द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वाहन क्र. टाटा 407 क्र. छ्त्त04 ह्स्र 1312 के आरोपी वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लवन नगर में झालर लाईट खम्भा को तोडते हुए एक कार क्र. छ्त्त04 क्क्ष 2187 को भी सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। तत्पश्चात आरोपी चालक उक्त वाहन को मौके पर छोडकर वहां से भाग गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना लवन का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा, जिसमें उक्त वाहन का निरीक्षण करने पर वाहन में मवेशी (भैंस/भैसा) को क्रूरता पूर्वक वाहन में भरकर उनके सिंग को बांध दिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र 386/2024 धारा 325, 281, 324 (2) बीएनएस एवं पशु क्रूरता निवारण अधि, 1960 की धारा 11(1)(एच), 11(1)(आई), छ.ग. कृषिक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

की प्रकरण में अवैध रूप से 407 वाहन में मवेशियों को भरकर ले जाने वाले एवं लवन नगर में एक्सीडेंट कर झालर लाइट खंभा एवं कार को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी का पता तलाश प्रारंभ किया गया, जिसमें थाना लवन से प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान द्वारा आरोपी रवि कुमार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर 407 वाहन में मवेशियों को भरकर ले जाना एवं एक्सीडेंट होने से स्वास्थ्य के पकड़े जाने के डर से घटनास्थल से भाग जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी रवि कुमार उम्र 32 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी को आज दिनांक 27.09.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर जेल भेजा गया है। सांथ ही जप्तशुदा वाहन को राजसात करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

### चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 27 सितम्बर को प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 सितम्बर को करीबन 07:30 बजे अपने दोस्त के साथ शंकरपुर मे किराना दुकान के पास खड़ा था कि उसी समय बाईक से सेवक एवं भैय्या नामक लड़के आकर तामेश को बुलाकर लाओ बोला, मै नही जा सकता कहने पर, दोनो लड़के मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर अपने पास रखे चाकू निकाल कर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से मुझे मारा जिससे मेरे दाहिने हाथ और कुल्हे के पास चोट आया है खुन निकल रहा है मारने के बाद दोनो लड़के भाग गये, कि रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) भा.ना.सं. का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में बदमाशो की पता तलाश मे लगातार क्षेत्र मे दबिश दी गई सतत् प्रयास से आरोपियो के शंकरपुर मे छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी 01. नितेश उर्फ भैय्या तुरकने पिता सेवक राम उम्र 23 साल, 02. सेवक कश्यप पिता स्व0 अशोक कश्यप उम्र 19 साल दोनो साकिनान शंकरपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को पकड़ा गया आरोपियो से पुछताछ कर मुख्य आरोपी नितेश तुरकने उर्फ भैय्या का मेमोरेण्डम कथन लिया जिसमे घटना कारित करना स्वीकार किया और आरोपी घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू व मो.सा. सीजी 08 एएच 4020 को विधिवत जप्त किया गया। आरोपी द्वारा नियम विरूद्ध चाकू रखना पाये जाने से धारा 25 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपियो द्वारा गंभीर अपराध घटित करने पाये जाने से वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेष कर आदेषानुसार जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, इब्राहिम खान, प्र0आर0 अरूण कुमार नेताम, आर0 सिन्धु सिन्हा, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, मिर्जा असलम बेग एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।



### चिखली में चला स्वच्छता अभियान, श्रमदान कर स्वभाव में स्वच्छता लाने शपथ

# महापौर ने वार्डवासियों, महिला समूहों के साथ तालाब-मंदिर परिसर व उद्यान में की सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 29 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के लिये 17 सितम्बर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से नागरिकों को जोडने एवं स्वच्छता अपनाने अलग अलग दिन विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसके तहत गली मोहल्लें, शौचालयों, की सफाई के अलावा सार्वजनिक स्थलों तालाबों उद्यानों व मंदिर परिसर में सार्वजनिक संस्थानों, एनजीओ, विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर स्वभाव में स्वच्छता लाने लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

स्वच्छता पखवाडा में पहले दिन शीतला मंदिर, बुढ़ासागर की सफाई की गयी उसके पश्चात मॉ पाताल भैरवी मंदिर, मोती तालाब, इंदिरा सरोवर, हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चला और इसी तारतम्य में आज महापौर हेमा सुदेश देशमुख के नेतृत्व में चिखली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर ने वार्डवासियों एवं मॉ गंगा महिला स्व सहायता समूह, मॉ शारदा महिला स्व सहायता समूह, न्यू महा लक्ष्मी स्व सहायता समूह वं सूर्यमुखी देवी स्व सहायता समूह के साथ श्रमदान कर चिखली तालाब, शीतला मंदिर परिसर तथा उद्यान की साफ सफाई किये।



महापौर के साथ महिलाओं ने उत्साह से झाडू लगाकर, कटिली झाडिया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाकर साफ सफाई किये और वार्ड में प्रतिदिन साफ सफाई रखने का संकल्प लिया।


स्वच्छता अभियान में महापौर हेमा देशमुख ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत इस वर्ष स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत नागरिकों के साथ साथ युवाओ, बच्चो को स्वच्छता से जोडने शहर के प्रमुख स्थानों बाजारों, उद्यानों, तालाबों के आस पास, एवं आवासीय व व्यवयायिक क्षेत्र में जाकर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई रखने स्वच्छता अपनाने रैली भी आयोजित की जा रही है।

महापौर देशमुख ने इस अवसर पर शपथ दिलायी कि हम स्वच्छता के लिये हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम स्वयं को एक स्वच्छ स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करेंगे, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेंगे। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

महापौर देशमुख ने वार्डवासियों से अपील की कि स्वच्छता के लिये आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने शहर को साफ, स्वच्छ व सुंदर रखने तथा हमर मयारू राजनांदगांव को नम्बर वन बनाने में योगदान देवे। इस अवसर पर स्वच्छता के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, महापौर परिषर के सचिव संजीव मिश्रा सहित वार्डवासी, महिला समूह एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कशिका कपूर की पहली फिल्म 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास'

बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो चुका है। इस खास मौके पर एक बड़े इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी कास्ट और क्रू के साथ पद्मश्री विजेता आनंद कुमार भी मौजूद थे। ट्रेलर ने दर्शकों के दिलों को छूने वाली एक प्रेरणादायक कहानी पेश की, जो शिक्षा, प्यार और महिलाओं के सम्मान




और समाज में आने वाली चुनौतियों पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक छोटे से गांव से शुरू होती है, जहां एक मां-बाप की पारंपरिक सोच है कि उनकी बेटी गीता को शादी से पहले अपनी मैट्रिक की पढ़ाई पूरी करनी चाहिए। *काशिका कपूर* द्वारा निभाए गए गीता के किरदार के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा की अहमियत को दर्शाया गया है। कहानी में आगे बढ़ते हुए, *अनुज सैनी* का किरदार गीता से प्यार करने लगता है और उससे शादी करने का सपना देखता है। लेकिन गीता के पिता उसकी शादी का प्रस्ताव ठुकरा देते हैं और पहले गीता की शिक्षा पूरी करने की शर्त रखते हैं। इस बीच, गांव के सामने गीता और अनुज का रिश्ता सभी के सामने आ जाता है, जिससे गीता के पिता को यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि क्या गीता की पढ़ाई पर जोर देना सही था। ट्रेलर में इन भावनाओं और समाज के दबाव के खिलाफ उनकी जद्दोजहद को बखूबी दिखाया गया है।

## कशिका कपूर ने लड़कियों की शिक्षा पर अपने विचार साझा किए

मनोरंजन जगत में उभरती सितारा कशिका कपूर अपनी सोशल मीडिया और म्यूजिक वीडियो में अपनी जिंदादिल शख्सियत के लिए जानी जाती हैं। वह अब अपनी पहली फिल्म अयुष्मती गीता मैट्रिक पास में अभिनय करने जा रही हैं, जिसमें उनका किरदार उनके आधुनिक और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है। हालांकि में Gen-Z



ट्रेंड्स से पूरी तरह वाकिफ हु, जैसा कि उनके इंस्टाग्राम पर साफ दिखता है, उनकी डेब्यू फिल्म में वह एक मजबूत और दृढ़ संकल्पित किरदार निभा रही हैं, जो सामाजिक मुद्दों से जूझते हुए एक नया रूप दिखाता है।Gen-Z अभिनेत्री के तौर पर कशिका कपूर बताती हैं कि वह कैसे अपने किरदार गीता की यात्रा और लड़कियों की शिक्षा के प्रति अपने विचारों से जुड़ी हुई हैं। वह कहती हैं, ₹Gen-Z अभिनेत्री के तौर पर मैं गीता की तरह अपने रास्ते खुद बनाने की लगन को समझ सकती हूँ। आज के समय में हम लगातार सीमाओं को तोड़ रहे हैं और परंपराओं को चुनौती दे रहे हैं। मुझे लड़कियों की शिक्षा के कारण से व्यक्तिगत रूप से गहरा लगाव है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह प्रगति और सशक्तिकरण की नींव है।₹यह फिल्म 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के साथ गहराई से जुड़ी हुई है।

## एन. माही फिल्म प्रोडक्शन की प्रस्तुति

**रायपुर**। एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के प्रयोगधर्मी निर्माता मोहित कुमार साहू की नई प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदा मामा 04 अक्टूबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इससे पहले 1 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार दोपहर 12 बजे से बुढा तालब के समीप बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में निःशुल्क समूह डांस प्रतियोगिता आयोजित होगा। उक्त बातें रायपुर प्रेस क्लब में फिल्म के डायरेक्टर



अभिषेक सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया। 26-27 सितंबर तक हमारे व्हाट्सएप्पं नं.- 7470459937 पर भेजना अनिवार्य है। फिल्म में डांस ग्रुप पार्टिसिपेट करेंगे जो एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर प्रदर्शित होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदामामा के गानों पर स्टेप बाई डांस करेंगे। छत्तीसगढ़ के डांस प्रेमियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेकर ना केवल अपना प्रदर्शन कर सकेंगे, जिसमें विजयी प्रतिभागी ग्रुप पुरस्कार के पात्र भी बन सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए 8,35,600/- आठ लाख पैंतीस हजार छह सौ रूपए की ईनाम घोषित है। जिसमें पुरस्कार राशि प्रथम 2,51,000, द्वितीय 2,01,000, तृतीय 1,51,000, चतुर्थ 1,00,000, पांचवी 51,000, सांत्वना पुरस्कार 5100 दिया जाएगा।

## अनिल धवन की अंजिनी धवन को सलाह

**लिपिका वर्मा>** अनुभवी अभिनेता अनिल धवन, जो अंजिनी धवन के दादा हैं, 70, 80, 90 के दशक के प्रसिद्ध अभिनेता हैं। उन्हें कई हिट फिल्में देने के लिए जाना जाता है। उन्हें दो रहा और चेतना जैसी वयस्क फिल्में करने के लिए भी जाना जाता है। ये फ़िल्में अपने समय से बहुत आगे की थीं। निस्संदेह, इस पुरुष प्रधान फिल्म उद्योग में एक पुरुष वयस्क फिल्म करना स्वीकार कर सकता है, लेकिन वे अपनी



बेटियों को ऐसी फिल्में करने की सलाह नहीं देंगे - स्पष्ट रूप से हम देख सकते हैं कि यह एक पुरुष प्रधान इंडस्ट्री है। हमने दादाजी [अनिल धवन] और पोती अंजिनी धवन को रैपिड-फायर राउंड के लिए एक साथ पकड़ा- पढ़िए अनिल धवन ने क्या कहा जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी पोती को उनकी वयस्क फिल्म ₹दो रहा₹ करने की सलाह देंगे, अगर ऐसा है तो पुर्निर्मित- यदि उससे संपर्क किया गया तो? अंजिनी-दिग्गज अभिनेता अनिल धवन, जो अंजिनी धवन के दादा हैं, उनकी बिल्डिंग में रहते हैं इसलिए अंजिनी उनसे कोई भी छोटी से छोटी सलाह लेने के लिए दौड़ती हैं, "हां, चूंकि मेरे दादाजी हमारी बिल्डिंग में रहते हैं, इसलिए मैं हर चीज के लिए उनके पास दौड़ती हूं। इसके अलावा, खासकर तब से, जब मैं ग्लिट्ज़ और ग्लैमर की दुनिया में शामिल होने की योजना बना रही थी। यहां तक कि अगर मैं कोई ऑडिशन देती हू तो मैं पहले जाकर उनसे चर्चा करती हू और बाद में ऑडिशन के लिए भी चर्चा करती हू।

## सुपर 30 फ़ेम पद्मश्री आनंद कुमार द्वारा अपकमिंग फिल्म 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' का ट्रेलर लॉन्च


लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर बात करती अपकमिंग फिल्म ₹आयुष्मति गीता मैट्रिक पास₹ का शानदार ट्रेलर पुणे के डीवाई पाटिल कॉलेज में भव्य रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुपर 30 के फाउंडर पद्मश्री आनंद कुमार भी मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम में निर्देशक प्रदीप खेरवार, मुख्य



अभिनेत्री कशिका कपूर, अनुज सैनी और अतुल श्रीवास्तव , निर्माता शानू सिंह राजपूत , संगीतकार सजींव आनंद झा भी उपस्थित रहे। फ़िल्म का ट्रेलर जबरदस्त है। ट्रेलर की शुरुवात एक बेहद भावुक सवाद से होती हैं दुनिया सिर्फ़ दो हिस्सो में बटी हैं एक औरत और एक मर्द। ग्रामीण भारत में पली बढ़ी एक लड़की गीता फ़िल्म का केंद्रीय किरदार हैं गीता को एक लड़के से प्रेम हो जाता है मगर हर लव स्टोरी की तरह इस शादी में भी आती है बाधा। लड़की के पिता अपनी बेटी की शादी तब करने को कहते हैं जब तक कि वह मैट्रिक पास न कर ले। उस के पिता ने गांव में न केवल अपनी बेटी को स्कूल भेजने की पहल की, बल्कि उसने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा उसकी बेटी के जीवन का जरूरी हिस्सा हो। इसी क्रम में आगे कई मोड़ आते हैं और तेजी से बदलते घटनाक्रम दर्शकों की रुचि को कायम रखते हैं।

## निकिता दत्ता की फिल्म 'घरात गणपति' ने ऑस्कर 2024 की सूची में अपनी जगह बना ली है

निकिता दत्ता भारतीय सिनेमा की उभरती हुई प्रतिभाओं में से एक के रूप में चमक रही हैं। इस फिल्म में निकिता ने पंजाबी लड़की कृति आहूजा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों द्वारा बेहद सराहा जा रहा है। यह उनकी करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 'घरात गणपति' फिल्म गणेश चतुर्थी की सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्ता को



गहराई से छूती है, खासकर महाराष्ट्रीयन परिवारों में। यह फिल्म कोकण संस्कृति की आत्मा को बखूबी प्रर्दिशत करती है, जिसमें निकिता ने अपनी भूमिका को बहुत ही प्रभावी ढंग से निभाया है। फिल्म में वह एक युवा पंजाबी लड़की का किरदार निभाती हैं, जो अपने मराठी मित्र के साथ उसके घर (होमटाउन) जाती है। नवजोत नरेंद्र बांदीवाडेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूषण प्रधान,अजिंक्य देव, अश्विनी भावे, संजय मोने, शुभांगी लाटकर, राजसी भावे और अन्य कलाकार शामिल हैं। यह निकिता का मराठी सिनेमा में सफल डेब्यू भी है, जिससे उन्होंने अपनी फैनबेस को और भी विस्तृत कर दिया है। परिवार और आस्था के सार्वभौमिक विषय ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है, जिससे यह फिल्म अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना पाई और ऑस्कर 2024 की सूची में शामिल हुई, जिसमें 28 अन्य फिल्में भी हैं।

## संदीपा धर की कूर्ग में तरोताज़ा करने वाली ट्रिप

संदीपा धर, जो मनोरंजन जगत में अपनी चमकदार उपस्थिति के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में अपने व्यस्त शेड्यूल से कुछ समय निकालकर कूर्ग की शांत प्राकृतिक सुंदरता में खुद को तरोताजा किया। अभिनेता, जो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी शानदार और ग्लैमरस तस्वीरें साझा करती हैं, ने इस बार अपने फॉलोअर्स को कूर्ग से कुछ मनमोहक तस्वीरों से मंत्रमुग्ध कर दिया। संदीपा ने कूर्ग के अपने दिनों



की कई तस्वीरें साझा कीं और इसे 'स्लो पेसड़ डेज' का कैप्शन दिया। हरे-भरे बागानों में दौड़ने से लेकर साइकिल चलाने, किताबें पढ़ने, अपना पसंदीदा आरामदायक खाना खाने और अपने प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने तक, संदीपा ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने खुद की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें वह एक नीले रंग की लहराती पोशाक में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, और पीछे कूर्ग की शांत और सुन्दर दृश्य नजर आ रही है। संदीपा की यह यात्रा हमें याद दिलाती है कि हमें भी रोज़मर्रा की भागदौड़ से थोड़ा विराम लेना चाहिए, धीमी गति से चलना चाहिए और खुद से फिर से जुड़ने का समय निकालना चाहिए।

## फैम टाइम, मस्ती और आजादीः कृति खरबंदा के डिजिटल डिटॉक्स वीक की एक झलक

कृति खरबंदा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपनी डिजिटल डिटॉक्स वीक की झलक दिखाई। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस हफ्ते के बारे में बताया जब वो पूरी तरह से अपने परिवार और प्रियजनों के साथ जुड़ी रहीं, बिना किसी डिजिटल डिवाइस के बीच में आए। इस पोस्ट में कृति ने कुछ शानदार तस्वीरें साझा कीं,



जिनमें हंसी-खुशी से भरे पारिवारिक पलों को देखा जा सकता है। तस्वीरों में हमें फैमिली टाइम के साथ-साथ एक मजेदार बॉलिंग प्रतियोगिता की झलक मिलती है (जहां शायद इनाम में शुगर-फ्री कैरेट केक मिला हो!) और ₹डोने बिरयानी₹ की लाजवाब दावत भी नजर आती है। लेकिन इन सब लजीज खाने और खेल के अलावा, कृति की तस्वीरें एक सफल डिजिटल डिटॉक्स के असली महत्व को भी दिखाती हैं – अपने प्रियजनों से फिर से जुड़ना। कुछ शांत और प्यार भरे पल, रात के आसमान के प्रति उनका प्यार, चांदनी रात में चांद को निहारना और तारों की गिनती करना, साथ ही मजेदार ₹शैडोप्ले₹ जैसी सरल और सुंदर गतिविधियों का आनंद लेते हुए उन्होंने डिजिटल दुनिया से दूरी बनाई।

## अंशुल गर्ग के म्यूजिक की फैन हैं पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर

संगीत हर क्षेत्र और भाषा में अपनी एक अलग जगह बनाए हुए है। भारत और पाकिस्तान सभी सीमाओं से परे दोनों तरफ के सबसे एकजुट कारकों में से एक है। समान जड़ें और परिचित भाषा होने से भी दोनों देशों के बीच संबंध का एक कारक मिलता है। जहां पाकिस्तान के कुछ



सबसे बड़े हिट जैसे आफरीन आफरीन और पसूरी को भारत में एक बड़ा श्रोता आधार मिला है, वहीं अंशुल गर्ग के विश्व स्तर पर ट्रेंडिंग संगीत को पाकिस्तान में अपने सबसे बड़े प्रशंसकों में से एक मिला है। सबसे प्रसिद्ध पाकिस्तानी अभिनेत्रियों में से एक और एक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, हानिया आमिर ने डीएमएफ और प्ले डीएमएफ के संस्थापक, अंशुल द्वारा बनाए गए संगीत के लिए अपना प्यार व्यक्त किया है, जिसमें उनके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग-श्रेया घोषाल और फ्रांसीसी गायक टायक की यीम्मी यीम्मी, और अरबी कलाकार डिस्टिंक्ट की ज़ालिमा शामिल हैं। अपने सोशल मीडिया जरिए, अभिनेत्री ने अंशुल के लेबल द्वारा तैयार किए गए संगीत पर एक नहीं बल्कि चार रील बनाई हैं।

## राधिका मदान ने सरफिरा से लेकर पटाखा के अनोखे किरदार को ऑन -स्क्रीन के साथ ऑफ -स्क्रीन भी जिया है

राधिका मदान, एक ऐसा नाम जो बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का प्रतीक है, ने हमेशा अपनी कला की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। अपनी गहरी समझ और समर्पण के लिए जानी जाने वाली राधिका अपने किरदारों में पूरी तरह से डूब जाती हैं और अक्सर वास्तविकता लाने के लिए गहन प्रशिक्षण करती हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री में उनकी



यात्रा उनकी नई चुनौतियों को अपनाने की इच्छा से चिह्नित है, चाहे वह विभिन्न बोलियों को सीखना हो या अपने किरदारों के लिए विभिन्न खेलों का अभ्यास करना। आइए नजर डालते हैं उन विविध कौशलों पर, जो उन्होंने अपनी फिल्मों के लिए हासिल किए हैंः अपनी पहली फिल्म 'पटाखा' में राधिका मदान ने बड़की के किरदार को निभाया, जो राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र की एक जुझारू युवती थी। अपने किरदार को वास्तविक बनाने के लिए राधिका ने राजस्थानी बोली में महारत हासिल की। स्थानीय भाषा को सीखने के उनके समर्पण ने उनके प्रदर्शन में गहराई जोड़ी, जिससे बड़की का किरदार विश्वसनीय और प्रभावशाली बन गया।

## धन्यवाद सभी को इस प्यार के लिए, पुलकित सम्राट ने 'फुकरे 3' की पहली वर्षगांठ को मनाया मजेदार

कॉमेडी एंटरटेनर 'फुकरे 3' की पहली वर्षगांठ के मौके पर पुलकित सम्राट इस प्रिय फ्रैंचाइज़ी की यात्रा को लेकर भावुक हुए। एक्सेल



एंटरटेनमेंट द्वारा र्निमत यह फिल्म 'फुकरे' सीरीज की तीसरा भाग है, जिसमें पुलकित ने अपने प्यारे हनी के किरदार को फिर से निभाया है। इस मौके को मनाने के लिए पुलकित ने अपनी फुकरे गैंग के साथ एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो शेयर किया, जिसका कैप्शन था, ₹हनीमून की एक झलक #फुकरे गैंग के साथ! #फुकरे3 के एक साल का जश्न! पहले जैसा ही महसूस होता है! सभी को प्यार के लिए धन्यवाद!!

## आयुष्मान खुराना और पश्मीना रोशन का नया गरबा गाना जचड़ी अब रिलीज हो गया है!

आयुष्मान खुराना और पश्मीना रोशन का नया गरबा गाना ₹जचड़ी₹ आज रिलीज हो गया है, बिल्कुल नवरात्रि के जश्न के समय पर! आयुष्मान खुराना की आवाज़ में गाए इस गीत में पश्मीना रोशन भी नजर आ रही हैं। यह गीत नवरात्रि के उत्सव का परफेक्ट एंथम है। आयुष्मान और पश्मीना की अदाओं और शानदार केमिस्ट्री ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, और उनके प्रशंसक उन्हें एक फिल्म में साथ देखने की उम्मीद कर रहे हैं। पश्मीना ने अपने उत्साह को जाहिर करते हुए कहा, "जचड़ी को करना एक जबरदस्त अनुभव था! सेट पर ऊर्जा बिल्कुल अलग थी, और




आयुष्मान और पूरी टीम के साथ काम करना बहुत सौभाग्य की बात थी। मैंने इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा और इसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ। नवरात्रि हमेशा से मेरे दिल के करीब रही है—यह परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर संगीत, नृत्य और उत्सव का समय होता है। इस गीत में वही खुशी झलकती है। बचपन में मैं दोस्तों के साथ गरबा करती थी, और जचड़ी उन यादों को वापस लाता है। मैं उत्साहित हूँ कि हर कोई इस नवरात्रि बेंगर का अनुभव कर सकेगा और वही खुशी महसूस करेगा! जचड़ी₹ एक बेहतरीन मेल है.

## योगेश त्रिपाठी और गीतांजलि मिश्रा यूपी के आगरा में भव्य राम बारात में शामिल हुये

आगरा शहर में राम बारात का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरे शहर में उत्साह और भक्ति का माहौल था। यह आयोजन भगवान राम की दिव्य विवाह शोभायात्रा को दर्शाता है। इस अद्भुत कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के साथ एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' के प्यारे किरदारों दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) और



उनकी दबंग दुल्हनिया राजेश (गीतांजलि मिश्रा) ने भी भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन में हिस्सा लेने और दशहरे से पहले भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त करने के अपने आध्यात्मिक अनुभवों और आनंद के बारे में बात की। योगेश त्रिपाठी ने अपनी खुशी का इज़हार करते हुये कहा, ''आगरा में राम बारात में भाग लेना एक यादगार अनुभव था। हमारा शो उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इस तरह के भव्य आयोजन में भाग लेकर ऐसा लगा जैसे मैं अपने लोगों के साथ कोई उत्सव मना रहा हूं। मैंने पहले भी राम बारात देखी है, लेकिन इस बार यह वाकई में खास था। आगरा के लोगों के प्यार और सत्कार ने दिल को छू लिया। भगवान राम की बारात में शामिल होना एक जबरदस्त आध्यात्मिक अनुभव रहा। इसके साथ हमारे शो के प्रशंसकों से मिलकर भी बहुत अच्छा लगा।

## कलाकारों ने नवरात्रि मनाने के लिये अपने खास प्लान बताये

नवरात्रि एक आनंद दायक त्यौहार है, जिसे पूरे भारत में बड़े ही उत्साह और भक्ति की भावना के साथ मनाया जाता है। नौ दिनों के इस त्यौहार में प्रार्थना, उपवास और गरबा और डांडिया जैसे रंग-बिरंगे नृत्य होते हैं। हर रात संगीत एवं नृत्य को सर्मिपत होती है और एकजुटता का ऐसा वातावरण बनता है, जो नवरात्रि को यादगार बना देता है। एण्डटीवी के कलाकार आयुध भानुशाली (नन्हा अटल, 'अटल'), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') इस साल की नवरात्रि के लिये अपने प्लान बता रहे हैं। आयुध भानुशाली, ऊर्फ



अटल ने अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, ''हर साल मेरा पूरा परिवार बड़ी ही उत्सुकता से नवरात्रि का इंतजार करता है। धूमधाम वाले इस त्यौहार की हम पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। हम शाम की आरती में भाग लेते हैं और फिर घर पर खूबसूरती से सजी एक मटकी के इर्द-गिर्द गरबा करते हैं। यह हमारी पसंदीदा परंपरा है। गरबा के रंगीन कपड़ों में सज-धजकर हम एक साथ उत्सव मनाते हैं और मुझे हर साल इसका इंतजार रहता है। हम पूरी रात नाचते-गाते रहने के लिये आस-पास के मैदानों पर मौजूद दोस्तों के पास भी जाते हैं।

## अलग-अलग मूड में कलाकारों की पसंदीदा कॉफी च्वॉइस

कई कलाकारों के लिए कॉफी सिर्फ एक ड्रिंक अथवा पेय नहीं, बल्कि उनके दिनभर की सबसे अच्छी साथी होती है। उनके मूड, व्यस्त दिनचर्या और बदलते मौसम के साथ कॉफी का स्वाद भी बदल जाता है। एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि कैसे उनकी पसंदीदा कॉफी उनके जीवन का हिस्सा बन गई है और उनके शानदार जीवन की झलक देती है। इन कलाकारों में शामिल हैं- आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), स्मिता सेबल (धनिया, 'भीमा'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')।



स्मिता सेबल ने कॉफी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए कहा, ''कॉफी हमेशा मेरे साथ रहती है, लेकिन मेरी पसंद बदलती रहती है, यह इस बात पर निर्भर करती है कि मैं किस स्थिति में हूँ। सुबह-सुबह शूटिंग के लिए स्ट्रॉन्ग ब्लैक कॉफी मुझे तुरंत ऊर्जा देती है। ठंड में मैं क्रीमी कैप्पुचिनो पीना पसंद करती हूँ, जो मुझे आराम और गर्माहट देता है। गर्मी के दिनों में आइस्ड लैट्टे मेरी पसंदीदा होती है, जो ठंडक और ताजगी दोनों लाती है। साथ ही, मेरा मूड भी कॉफी के स्वाद को बदल देता है!

## वर्ल्ड म्यूजिक डे पर कलाकारों ने अपने पसंदीदा सिंगर्स और गानों के बारे में बताया

मनोरंजन की दुनिया में संगीत की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कलाकारों को अक्सर संगीत सुनकर राहत और ताजगी मिलती है। दिल को छूने वाली मेलोडीज से लेकर जोश भर देने वाली धुनों तक, संगीत की ये यादगार आवाजें अक्सर सुकून देती हैं और हमें प्रेरित करती हैं। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर एण्डटीवी के कलाकार अपने उन पसंदीदा बॉलीवुड गायकों और गानों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें सुनकर उनका मूड अच्छा हो जाता है। इन कलाकारों में शामिल हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), अमित भारद्वाज (मेवा, 'भीमा'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू



की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, '' अरिजीत सिंह की आवाज में एक खास जादू है जो सीधे दिल तक पहुंचती है। उनकी गायकी की सफाई और गहराई हर गाने को एक अलग एहसास देती है, जो लंबे समय तक दिल में गूंजती रहती है। चाहे 'अगर तुम साथ हो' में दिल के टूटने की बात हो या 'केसरिया' का राहत देने वाला रोमांस, अरिजीत हर गाने को जादुई बना देते हैं। 'हमारी अधूरी कहानी' सुनने के बाद लंबे वक्त तक दिमाग पर छाया रहता है,

## कलाकारों ने बॉलीवुड से प्रेरित अपनी खास यात्राओं के अनुभव साझा किये!

बॉलीवुड की फिल्में लंबे समय से प्रेरणा का स्रोत रही हैं। इन फिल्मों की कहानियाँ हमें ना सिर्फ प्रेरित करती ही हैं, बल्कि उनमें आकर्षक अंतर्राष्ट्रीय जगहें भी दिखाई जाती हैं। चाहे वेनिस का शांत परिदृश्य हो, स्पेन की चहल-पहल वाली गलियाँ या पेरिस का रोमांटिक माहौल, इन्हें सिनेमा में देखने पर वहाँ जाने की इच्छा जाग ही जाती है। एण्डटीवी के कलाकार बॉलीवुड से प्रेरित अपनी खास यात्राओं के अनुभव बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- नीता मोहिन्द्रा (कैलाशा बुआ, 'भीमा'), दीपा सावरगांवकर (सुशीला बुआ, 'अटल'),



सपना सिकरवार (बिमलेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। भीमा की कैलाशा बुआ, ऊर्फ नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''1991 में वेनिस जाना किसी सपने में खो जाने जैसा था और वहाँ जाने की प्रेरणा मुझे 'द ग्रेट गैम्बलर' से मिली थी। ग्रैंड कैनाल, खूबसूरत गोंडोला और शहर की सदाबहार सुदंरता ने मुझे चौंका दिया। वाटरवेज पर ग्लाइड करते हुए मुझे लगा कि मैं किसी फिल्म के लिये काम कर रही हूँ और मुझे वेनिस से बेतहाशा प्यार हो गया। इसके एक दशक बाद, यानि 2001 में मैंने 'हीरो नंबर 1' देखी और आखिरकार मैं पेरिस पहुँच गई। एफिल टावर के नीचे खड़े होने पर मैं उस शहर की विशालता पर मुग्ध हो गई.

## रजत और बानी को पता चलती है उसकी भावनाएं

सोनी सब का 'बादल पे पांव हैं' बानी (अमनदीप सिद्धू) की यात्रा पर आधारित है, जो एक दृढ़ निश्चयी और महत्वाकांक्षी लड़की है। वह आर्थिक तंगी के बावजूद अपने परिवार की जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। हाल के एपिसोड में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि बानी अपने पति रजत (आकाश आहूजा) की पूर्व मित्र लावण्या (भाविका चौधरी) से भिड़ जाती है। दूसरी ओर, लावण्या किसी भी कीमत पर रजत को वापस पाने की कसम खा लेती



है। आगामी एपिसोड में रजत और लावण्या को लेकर बानी की उलझन आखिरकार दूर हो जाएगी, क्योंकि रजत लावण्या को ठुकरा देता है और बानी यह सब वह सुन लेती है। बानी को इस बात से राहत मिलती है कि रजत के मन में अब लावण्या के लिए कोई भावना नहीं है, वह अभी भी उसके साथ रजत की मुलाकातों के रहस्य से आहत है। जैसे ही लावण्या आखिरकार बानी और रजत की जिंदगी से बाहर निकलती है, जोड़े के लिए चीजें आशाजनक लगने लगती हैं। रजत बानी का विश्वास फिर से हासिल करने और अपने रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करता है। जैसे-जैसे दोनों करीब आते हैं दर्शक यह सोचकर बेचैन हो जाते हैं कि क्या यह वह पल होगा जब बानी और रजत आखिरकार एक-दूसरे के लिए अपनी सच्ची भावनाओं को कबूल करेंगे।

बानी अरोड़ा की भूमिका निभाने वाली अमनदीप सिद्धू ने कहा,"बानी हमेशा रजत के साथ अपने रिश्ते को लेकर बेहद सुरक्षात्मक रही है। लावण्या के साथ गलतफहमियों ने बहुत तनाव पैदा किया है,

## लव और कुश श्री राम और सीता के बीच की दूरी कैसे मिटा सकेंगे?

सोनी सब का 'श्रीमद रामायण' श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) की महागाथा है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने देखा कि सहस्त्र रावण (प्रणीत भट्ट) ने एक राक्षस को आश्रम में अराजकता पैदा करने के लिए भेजा है, जहां सीता निवास कर रही हैं। जिस समय सीता अपने जुड़वां बेटों को जन्म दे रही थीं, राक्षस ने जंगल और आश्रम



में तबाही मचा दी, जिससे सभी खतरे में पड़ गए। अराजकता के बीच, सीता ने बहादुरी से लव और कुश को जन्म दिया, जिससे प्रतिकूलताओं के बीच नई शुरुआत हुई। आगामी एपिसोड में दर्शक श्रीमद् रामायण के एक नए अध्याय के गवाह बनेंगे क्योंकि कहानी 12 साल की छलांग लेती है। लव और कुश उस उम्र में पहुंच गए हैं, जहां वे अपने आस-पास के बारे में जानने को उत्सुक हैं। आश्रम में पले-बढ़े लव और कुश पराक्रमी श्री राम और उनकी वीरता की कहानियां सुनते रहे हैं। एक महत्वपूर्ण क्षण के तौर पर लव और कुश श्री राम के बारे में सवाल लेकर सीता के पास जाते हैं। इससे एक ऐसे रहस्योद्घाटन की शुरुआत होती है जो उनके जीवन को हमेशा के लिए बदल सकता है। क्या वे अपने वंश की सच्चाई का पता लगा पाएंगे और वे अपने माता-पिता के बीच की दूरियों को मिटा सकेंगे?

## माहिर पांधी और अन्य प्रमुख कलाकारों ने आभार व्यक्त किया

सोनी सब का शो वंशज 28 सितंबर को समाप्त हो जाएगा। महाजन साम्राज्य के दो युद्धरत वंशजों के रूप में अंजलि तत्रारी और माहिर पांधी को पेश करते हुए शो ने योग्यता-आधारित विरासत बनाम लिंग-आधारित विरासत के मूल्य पर प्रकाश डाला। अपने रोमांचक उतार-चढ़ाव और एक अन्य व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी - तलवार दंपत्ति की एंट्री के साथ शो ने दर्शकों के दिलों को जीता और यह प्रशंसकों का पसंदीदा बन गया। अंत तक ऐसा ही रहा। जैसा कि शो इस सप्ताह समाप्त होने वाला है, युविका (अंजलि



तत्रारी) और डीजे (माहिर पांधी) की कोशिशें तेज हो गई हैं और वास्तविक उत्तराधिकारी की तलाश अपने अंतिम पड़ाव पर है। शो के अपने स्वाभाविक अंत के साथ शो के कलाकार अपना आभार व्यक्त कर रहे हैं और सेट से अपनी प्यारी यादों को याद कर रहे हैं। युविका महाजन की भूमिका निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, ₹वंशज खत्म हो रहा है। मैं अपने अद्भुत सह-कलाकारों और हमारे परिवार को बहुत याद करने वाली हूं। हमारे बीच बने गहरे रिश्तों के बारे में सोच रही हूं, खासकर हमारी अविश्वसनीय टीम की गर्मजोशी को याद कर रही हूं। कलाकारों और क्रू ने हमेशा मेरा ख्याल रखा है, खासकर तब जब मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी। उमरगांव में अपने घर और माँ से दूर रहना मुश्किल था.

## एक नजर

## किरन्दुल पुलिस ने चोरी की घटना को विफल कर 5 को किया गिरफ्तार



**किरन्दुल, 29 सितंबर।** किरन्दुल थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा श्री गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) श्री स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर के बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल श्री कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किरन्दुल निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में दिनांक-24.09.2024 के रात्रि करीबन 23.30 बजे रात्रि टॉउन पेट्रोलिंग पर सउनि0 अनिल पामभोई के हमराह स्टॉफ प्रआर.-292, आर.-249, 156, सीएएफ प्र.आर.-2047, आर.-442, डीएसएफ आर.-3157 के साथ होकर स्क्क्ढ्ढढ्ढ रैक लोडिंग/एल. एण्ड टी. कंपनी क्षेत्र में पहुंचे थे कि 05 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में स्क्क।।। रैक लोडिंग के पास, ऋष्ठश्वश्व कम्पनी के स्टोर के पास खड़े थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे तब पेट्रोलिंग पार्टी के स्टॉफ द्वारा पांचो व्यक्तियों को घेर कर पकड़े एवं नाम पता व उस क्षेत्र में इतनी रात 23.30 बजे खड़े रहने का कारण पुछने पर अपना-अपना नाम-1.भीमा कड़ती पिता-लखमा कड़ती उम्र-27 वर्ष, पता-मदाड़ी मझारपारा थाना-किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (छ0ग0), 2. विजय कड़ती पिता-भीमा कड़ती उम्र-23 वर्ष, पता-मदाड़ी पटेलपारा थाना-किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (छ0ग0), 3. बुधराम कड़ती पिता-आयतु कड़ती उम्र-30 वर्ष, पता-मदाड़ी मझारपारा थाना-किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (छ0ग0), 4. छोटू कड़ती पिता-मंगू कड़ती उम्र-23 वर्ष, पता-मदाड़ी पटेलपारा थाना-किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (छ0ग0), 5. सुदरू ताती पिता हुंगा ताती उम्र-20 वर्ष टीकनपाल करेंपारा थाना-किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (छ0ग0) का रहने वाले बताते हुए स्क्क्ढ्ढढ्ढ रैक लोडिंग एरिया में ऋष्ठश्वश्व/एल. एण्ड टी. कंपनी का रखे लोहा चोरी करने की नियत से आना बताने पर मौके पर पुलिस के पास अनावेदकगण की गिरफ्तारी के अलावा अन्य कोई विकल्प नही होने से अनावेदकगण भीमा कड़ती, विजय कड़ती, बुधराम कड़ती, छोटू कड़ती व सुदरू ताती को मौके पर समक्ष गवाहों के धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत तहत गिरफ्तार किया जाकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु धारा-126, 135 बी.एन.एस.एस. का इस्तगासा तैयार किया गया अगर पुलिस द्वारा अनावेदकगणों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो अवश्य ही चोरी की घटना कारित करते। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सउनि. अनिल पामभोई, प्रआर.-292, आर.-249, 156, सीएएफ प्र.आर.-2047, आर.-442, डीएसएफ आर.-3157 की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन 30 सितंबर तक

**दंतेवाड़ा, 29 सितंबर** । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन जिले में आयुष्मान पखवाड़ा 30 सितंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। जिन हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। उनका प्राथमिकता के आधार पर पर घर घर जाकर एवं गावों में शिविर आयोजन कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर हेल्थ कैप,आयुष्मान सभा, जागरूकता रैली आदि आयोजित की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को 5 लाख तक तथा सामान्य परिवारों को 50 हजार तक उपचार की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। अब तक दंतेवाड़ा जिले में लगभग 78.53 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। शेष बचे हुए लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है कि ऐसे हितग्राही जो अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना पाए हैं, वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायत के सचिवों से संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

# एनएमडीसी मुख्यालय बस्तर लाने और 8 सूत्रीय मांगों को लेकर बस्तरिया राज मोर्चा ने चेक पोस्ट को किया दिनभर जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 29 सितंबर।** पूर्व ज्ञापन के अनुसार बस्तरिया राज मोर्चा द्वारा जवलंत मुद्दे 8सूत्रीय मांग को लेकर 28 सितंबर को एनएमडीसी चैक पोस्ट पर आंदोलन करना तय था जिसके तहत हजारों की तादात में परियोजना के निकटवर्ती ग्राम क्षेत्र के एवम प्रियोजना क्षेत्र के सीमावर्ती जिले के महिला पुरुष बस्तरियां राज मोर्चा के मुद्दे पर समर्थन देने पहुंचे हुए थे,एनएमडीसी परियोजना बचेली चेक पोस्ट पर सुबह से ग्रामीणों ने दावा बोला और मुख्य गेट बंद कर वही धरना प्रदर्शन पर बैठ गए अलाकी सुबह ग्रामीणों के संख्या कम थी उसके बाद भी चैक पोस्ट पर बंद असर दिखना प्रारम्भ हुआ जिन मुद्दों को लेकर बसरिया राज मोर्चा ने मुखर खोला तब से आंदोलन को लेकर कई प्रकार की संचय की स्थिति बनी हुई थी की आंदोलन की रूप रेखा कैसे होगी मोर्चा आंदोलन को नेतृत्व करने के लिए कड़मपाल से सुदारू कुंजाम रमा सोढ़ी वा सयोजक मनीष कुंजाम पूरी आंदोलन की लीड करते रहे,आंदोलन समानता स्तर पर रही, लोह खनन परियोजना में प्रथम पाली ड्यूटी जाने वाले कर्मचारी अपने गंतव्य स्थल तक चले गए पर उसके बाद गांव वाले की उपस्थिति होने पर मैन गेट को बंद कर दिया प्रशानिक अधिकार वा कर्मचारी अपने ड्यूटी नही जा पाए ! यह आंदोलन मुख्य रूप से बस्तरीय राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम के नेतृव ग्रामीणों के 8मांगो को लेकर चेक पोस्ट को सुबह से शाम तक जाम रखा संयोजक मनीष कुंजाम ने कहा कि जितना पहले मनमाने एनएमडीसी प्रशासन स्थानीय लोगो को अनदेखा करता रहा अब नही चलने वाला है एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद है और 90प्रतिशत लब अर्जित कर रहा है इस मांग को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा और मुख्यालय बस्तर में क्यों नही हो सकता पर्यावरण से लेकर लालपनी का धस यह के स्थानीय मूल निवासी पर पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है और पहाड़ के दोनो ओर लाल पानी से सथनिया आदिवासियों का जमीन बर्बाद हो रहा है इसका स्थाई समाधान अभी तक एनएमडीसी ने नही किया है आज तक प्रभावित लोगो की जमीन को सर्वे तक नही किया अब इनको पूर्ण सर्वे कर तत्काल प्रभावित लोगो को मुआवजा देना होगा और आज दिनांक तक केवल अपने फायदे के लिए ही काम किया है इसका स्थाई समाधान नही करता है तो रोड की लड़ाई बड़े स्तर पर लड़ी जायेगा एनएमडीसी प्रशासन के अधिकारी नही समझे तो धरने को साथ देने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवम गांव कर प्रमुख पेरमा पटेल गायता आदि उपस्थित रहे ।

## एनएमडीसी परियोजना के क्षेत्रों में स्वच्छता रैली का आयोजन



**बचेली, 29 सितंबर।** एनएमडीसी, बचेली कॉम्प्लेक्स में ''स्वच्छता ही सेवा पखवाडा'' कार्यक्रम के तहत दिनांक 27.09.2024 को विषय अनुरूप ''स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता'' के अंतर्गत ग्राम पंचायत भांसी के बालक आवासीय पोटाकेबिन के छा्त्र, छात्राएँ एवं आस -पास के ग्रामीणों के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे लग-भग 600 बच्चों और ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त शाला के शिक्षकगणों ने भी इस कार्यक्रम मे भाग लिया। इस पहल का प्रारम्भ परियोजना प्रमुख श्री बी. वेंकटेस्वरलु के मार्गदर्शन से की गयी है, संचालन सीएसआर व कार्मिक विभाग द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में बचेली परियोजना के द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सीएसआर विभाग, बचेली द्वारा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखने व स्वच्छ रहने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर श्री धर्मेन्द्र आचार्य महाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर, एवं श्री राकेश रंजन सहायक महाप्रबंधक एनएमडीसी, बचेली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया।

## कलेक्टर देवेश कुमार का माओवाद प्रभावित जगरगुंडा क्षेत्र का दौरा



**सुकमा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने माओवादप्रभावित संवेदनशील क्षेत्र जगरगुण्डा का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र जगरगुण्डा का दौरा कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए और क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। दौरे के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने माओवाद प्रभावित क्षेत्र की चुनौतियों का भी आकलन किया और क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ विकास कार्यों को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जिला सत्र न्यायालय, कोंडागांव में लहरे ने ली जिला अधिवक्ता संघ की सदस्यता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागाँव, 29 सितंबर।** कोंडागांव अधिवक्ता सघ सें लिया सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात जिलाअधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर जी एवं पूर्व अधिवक्ता सघ के जिलाध्यक्ष जेपी यादव जी, सचिव प्रशांत दत्ता जी कोषाध्यक्ष हलधर जी अधिवक्ता श्रीवास्तव जी साथ में सर्व समाज जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन जी एवं जिलाअधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जनों सें आशीर्वाद लिये उपस्थित समस्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जनों के द्वारा अधिवक्ता विजय लहरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी अब अधिवक्ता विजय लहरे कोडागाँव जिला सत्र न्यायालय कोडागाँव में प्रैक्टिस वकालत करेंगे अधिवक्ता विजय लहरे यहा तक कैसे पहुंचे का संघर्ष का एक छोटा सा परिचय अधिवक्ता विजय लहरें ग्राम गारका विकासखंड केशकाल जिला कोंडागांव का निवासी श्री लहरे अपने पढ़ाई करने के साथ-साथ परिवार का भी जिम्मेदारी निभाते हुए छोटा सा व्यवसाय से ही परिवार चलाना , पढ़ाई एवं स्वयं का खर्च उठाना, अपने पिता जी का बीमारी का इलाज करना, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी काम करना एक संघर्ष इसके पीछे विजय लहरे की मां हर कदम अपने बेटे के साथ खड़ी रही कभी नहीं रोकी कभी नहीं टोकी आगे बढ़ाने के लिए ही प्रेरित करती रही अपने बेटे के संघर्ष के साथ खुद भी संघर्ष करती रही आज विजय लहरे अधिवक्ता बनने से उनकी मां बहुत खुश है की मेरा बेटा न्यायपालिका के क्षेत्र कदम रखा ।

### अधिवक्ता विजय लहरे क्या कहते हैं

मुझे सामाजिक, राजनीतिक, पढ़ाई से लेकर अधिवक्ता बनते तक सफर, कार्य क्षेत्र में ऐसी विषम परिस्थिति होने के बाद भी लक्ष्य तक पहुंचना एक चुनौती है ।

आज यहां तक पहुंचाने का श्रेय मेरी माँ जी एवं पिता जी के आशीर्वाद एवं साथ मेरे मार्गदर्शक प्रेरणा स्त्रोत सामाजिक, राजनीतिक गुरु सम्माननीय लखमू राम टंडन जी 100 गंवा प्रधान संयोजक का मुझे हमेशा आगे बढ़ाने में सहयोग मिलता रहा एवं समाज के वरिष्ठ सामाजिक जनों व समाज प्रमुख एवं मेरे इष्ट मित्र साथियों का सहयोग रहा।

आज अधिवक्ता विजय लहरे की उपलब्धि के लिए सतनामी समाज एव सर्व अनुसूचित जाती वर्ग तमाम संगठनों के द्वारा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं

## ग्राम पंचायत बालपेट के आश्रित ग्राम भैरमबंद में ग्रामीणों ने जल संरक्षण की ली शपथ

**दंतेवाड़ा, 29 सितम्बर** । कलेक्टर व अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता व सदस्य सचिव जिला जल स्वच्छता मिशन के श्री निखिल कंवर के मार्गदर्शन में जिले भर में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण अभियान 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इस कड़ी में जल संरक्षण अभियान का क्रियान्वयन जिला आई.एस.ए. परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला द्वारा ग्राम स्तर पर जल सभा, शपथ कार्यक्रम व स्कूलों में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम भैरमबंद में जल सभा का आयोजन कर योजना संबंधी व जल संरक्षण के विधियों पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम भैरमबंद के प्रतिनिधि भीमसेन यादव के द्वारा हल्बी भाषा में जल संरक्षण का शपथ ग्रामीणों को दिलवाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी सहमति देकर जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा किया ,उक्त जल सभा में ग्राम सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लक्ष्य सभी घरों में कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें जल संरक्षण, जल स्त्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विकेन्द्रीकृत किंतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिला दंतेवाड़ा में प्रशासन भी जल जीवन मिशन योजना को गांव के प्रत्येक घर के आँगन तक पहुंचाने हेतु समर्पित होकर कार्यशील है।

## तस्करों को कोंटा पुलिस ने 44 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया

**सुकमा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के तहसील कोंटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण गंगाराम चव्हाण के मार्गदर्शन में थाना कोंटा क्षेत्र में गांजा तस्करों के विरुद्ध की गई कार्रवाई। 44 किग्रा गांजा कीमत 4.40 लाख के साथ 6 आरोपी व 2 विधि से संघर्षरत बालक पकडे गए।उड़ीसा से गांजा लेकर बस से कोंटा से आंध्रा की ओर जाते हुए मुखबिर की सुचना पर पुलिस द्वारा आरोपी पकडे गए।उड़ीसा से गांजा लेकर तस्कर दिल्ली और हैदराबाद जा रहें थे।आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध की जा रही हैं अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई।इन आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा।भाबेन मण्डल पिता हरी मण्डल 21 वर्ष मलकानगिरी उड़ीसाकपिल ऋतिक मल्होत्रा पिता दामोदर मल्होत्रा 21 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्लीगोविन्द बच्चाड़ पिता सुकूमार बच्चाड़ उम्र 20 वर्ष कालीमेला मलकानगिरी उड़ीसाअविनाश पिता जसवंत कुमार 19 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्लीसागर पिता जयसिंह उम्र 18 वर्ष रोहिणी सेक्टर 22 दिल्ली चिंटू माड़ी पिता बिज्जू माड़ी उम्र 18 वर्ष मलकानगिरी उड़ीसा।

# पदोन्नति सूची जारी नहीं होने पर सहायक, समग्र शिक्षक फेडरेशन करेगा डीईओ दफ्तर का घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर,29 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कांकेर द्वारा सहायक संचालक प्रकाश सेन को जिला अध्यक्ष उत्तम सिन्हा द्वारा सम्पूर्ण जानकारी के साथ अवगत कराते हुए प्रमुखता के साथ एक सप्ताह के भीतर पदोन्नति सूची जारी नहीं किए जाने पर 4 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांकेर का घेराव करने की चेतावनी दी गई है। उक्त विषय को लेकर ज़िला शिक्षा अधिकारी को बार बार अवगत ,निवेदन, के बाद भी आज़ पर्यन्त तक सूचि जारी नही करना समझ से परे है। ज़िला स्तर पर पदोन्नति प्रधान पाठक करने हेतु विधायक अंतागढ़ विक्रम भैया जी को भी जानकारी दिया गया और उनके समुख 4 अगस्त तक जारी हो जाएगा बोले थे। किन्तु सहायक शिक्षक संवर्ग का पदोन्नति हेतू डीईओ के निष्क्रियता के कारण आज़ तक पूर्ण नही हो पाया है।छानबीन समिति के सदस्य भी जांच करने में उपस्थिति नहीं दे पा रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि कांकेर जिला में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति में लेट लतीफी होने से पात्र सहायक शिक्षको में भारी आक्रोश है।संगठन के माध्यम से इस हेतु कई बार ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है।

लेकिन आश्वासन के सिवाय अब तक कोई परिणाम नहीं आया है।पदोन्नति की धीमी प्रक्रिया को देखते हुए सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कांकेर के जिला अध्यक्ष उत्तम सिन्हा के नेतृत्व में कांकेर कलेक्टर के नाम संचालक प्रकाश सेन को ज्ञापन सौंपा कर अवगत कराया गया है। संघ के ज़िला अध्यक्ष उत्तम सिन्हा द्वारा कहा गया कि जिसमें एक सप्ताह के भीतर पदोन्नति सूची जारी नहीं किए जाने पर 4 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। जिस अवसर पर संघ के महासचिव महेशवर कोटपरिया, सचिव लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, पंचम नेताम सचिव, कांकेर ब्लॉक अध्यक्ष अंतराम सलामे, कैलास कोमरा , सावत ठाकुर, उमेश शुक्ला आदि अनेक शिक्षक संवर्ग शामिल थे।..

## शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने निर्देश

**महासमुंद 29 सितंबर ।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज पिथौरा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम भुरकोनी में आयोजित किया गया। यहाँ कलेक्टर श्री विनय लंगेह सहित जनप्रतिनिधिगण और प्रशानिक अधिकारी शिविर मे मौजूद थे। शिविर में भुरकोनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उपस्थित ग्रामीणों के बीच जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुपोषण एवं स्वच्छता अभियान की शपथ लिया गया।शिविर में कुल 439 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 319 आवेदन मौके पर ही निराकरण किया गया। अन्य आवेदन मांग तथा शिकायत संबंधी होने की वजह से आवेदन पर परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर, सीइओ एवं जनप्रतिनिधि ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

## बोरगुडा ग्राम में विश्व नदी दिवस का आयोजन



**सुकमा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बोरगुडा ग्राम में आरोह फाउंडेशन और बैंक द्वारा समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम परिवर्तन के अंतर्गत विश्व नदी दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आरोह फाउंडेशन के क्लस्टर समन्वयक प्रभात साजन ने ग्रामीणों को नदियों के महत्व के बारे में जागरूक किया और नदियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस हमें नदियों की महत्ता और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी की याद दिलाता है। यह दिन नदियों के प्रति सम्मान और जागरूकता का प्रतीक है, जो हमारे जीवन, कृषि और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।बोरगुडा ग्राम के नागरिकों और आरोह फाउंडेशन की टीम ने मलगेर नदी के किनारे एक सामूहिक नदी पूजा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ आरोह फाउंडेशन के क्लस्टर समन्वयक सुरज कालोकार, हेमाकांत जोशी, कृषि विशेषज्ञ शिवशंकर दनसेना, संसाधन व्यक्ति मनोज, राधिका, और सोढ़ी जोगा (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही ग्राम विकास समिति के सचिव संजय कुमार, भावेश, प्रमोद, और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नदियों को साफ और सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नदियाँ न केवल हमारी कृषि और जीवनयापन के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अतः हमें इनके संरक्षण के लिए सतर्क और जागरूक रहना चाहिए।

# सक्षम विद्यालय जावंगा के दिव्यांग बच्चे कौशल विकास, घुड़सवारी व टैलेंट शो में दिखाएंगे अपना जलवा

- राजस्थान के बीकानेर में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए सक्षम के 47 दिव्यांग बच्चे हुए रवाना
- राजधानी रायपुर में सेना के साथ 7 दिव्यांग बच्चे करेंगे घुड़सवारी का प्रदर्शन
- जम्मू कश्मीर में 5 दिव्यांग बच्चे टैलेंट शो हम किसी से कम नहीं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 29 सितम्बर।** नक्सलगढ़ के नाम से जाने जाना वाला दंतेवाड़ा जिला अब जिला प्रशासन के प्रयास से शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल, प्रतिभा के पथ पर अग्रसर है। जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जिले के लिए नित नए आयाम गढ़ रहे है। दंतेवाड़ा जिला का छबि विकास की ओर बढ़ने में जिला प्रशासन का अहम भूमिका है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा व सह नोडल अधिकारी सक्षम जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में अटल विहारी बाजपेयी एजुकेशन सिटी जावांगा में संचालित सक्षम दिव्यांग बच्चों का बाधारहित आवासीय विधालय के 30 बालक एवं 17 बालिका कुल 47 छात्र छात्राओं का महावीर इंटरकर्नटीनेंटल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान के बीकानेर में 23वा स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर अपने हूनर को नई राह देंगे द्य यह बच्चों के साथ 12 शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर्स भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्र छात्राओं को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दही शक्कर खिला कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवानगी किए। साथ ही सक्षम के 7 छात्र आगामी 05 व 06 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सेना कार्यक्रम में घुड़सवारी खेल का प्रदर्शन करेंगे द्य जम्मू कश्मीर में आयोजित दिव्यांग बच्चो के लिए राष्ट्रीय टैलेंट शो ÷हम भी किसी से कम नहीं÷ में सक्षम का दृष्टिवाधित छात्र मास्टर अंजन का गायन में व सीमा, सिमरन, महिमा एवं पूनम का चयन नृत्य में हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबास्ता ने बच्चों को मनोबल बढ़ाने प्रेरण व हौसले का प्रोत्साहन दिया। सक्षम आवासीय विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, विकास के लिए हमेशा शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर व सहयोगी कर्मचारी अपने अहम भूमिका निभा रहें हैं। इन ट्रेनर का योगदान सेवा भाव से करते हैं, जो अतुल्यनीय है। बालक छात्रावास अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं बालिका छात्रावास अधीक्षिका रमा कर्मा ने कुशल तरीके से देख रेख करते है तथा प्रेरणा से प्रोत्साहन करते है। इन सभी प्रतिभावान बच्चें व ट्रेनर्स को जिला कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम दंतेवाड़ा सह नोडल अधिकारी सक्षम, डीईओ, डीएमसी, बीईओ, एबीइओ, संकुल समन्वयक द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## लक्ष्मीनाथ के लिए मत्स्य पालन बना अतिरिक्त आय का जरिया

**दंतेवाड़ा, 29 सितम्बर** । वर्तमान में मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के सैकड़ों ग्रामीणों के जीवन स्तर पर बदलाव हुआ है। मनरेगा की बदलौत पंचायत स्तर पर आजीविका उन्मुख कार्य जैसे डबरी निर्माण, कुआं निर्माण,खेत समतलीकरण जैसे कई कार्य के द्वारा ग्रामीणों के समक्ष अपने आजीविका वर्धन अनके विकल्प प्रस्तुत हुए है। इन कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में काफी सुधार देखने को मिल रहा है और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। इसके मद्देनजर मनरेगा योजना की सहायता से किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कृषि कार्य को और अधिक सरल बनाने हेतु डबरी निर्माण कार्य का भी प्रावधान इस योजना के अन्तर्गत है।

जिसका उपयोग कर आज किसान खेतों में सिंचाई कर फसलों की अच्छी पैदावार ले रहा है एवं साथ ही मछली पालन कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर अपने जीवन को और अधिक बेहतर बना रहे है।

## एक नजर

### बिना ढके कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों की जांच लगातार जारी

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बिना तारपोलिन ढंके खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तरह डिस्पेज सेंटर पर निगरानी बढ़ाने और अवैध रूप से सड़कों पर खड़े वाहनों तथा ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए है। उक्त निर्देश के परिपालन में संबंधित अधिकारी द्वारा वाहनों पर जांच कार्यवाही की गई। जिसमें 3 वाहनों पर ओवरलोडिंग के मामले में कार्यवाही करते हुए 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का उपयुक्त प्रकार से कव्हर्ड किये जाने बाबत् स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन की जांच करने गठित कमेटी द्वारा आज ग्राम-पूंजीपथरा से ग्राम-हुंकराडीपा, तमनार के मध्य जांच की गई। जांच दल में परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सम्मिलित थे। जांच में लगभग 25 वाहनों की जांच की गई। परिवहन विभाग द्वारा 03 वाहनों में ओवरलोडिंग के साथ परिवहन करते पाये जाने पर 60 हजार रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा ओवर लोडिंग परिवहन करने एवं मण्डल द्वारा जारी एसओपी का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित उद्योग मेसर्स जिंदल पॉवर लिमिटेड ग्राम-तमनार को नोटिस जारी किया गया है।

### पुराने बस स्टैंड स्थित प्राचीन काली मंदिर में भी होगी ज्योति कलशों की स्थापना

**डोंगरगढ़, 29 सितंबर।** स्थानीय पुराना बस स्टैंड के पीछे स्थित प्राचीन काली मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा समिति के अध्यक्ष आरन सिंह ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि का पावन पर्व आगामी 3 अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। इस पावन अवसर पर भक्तजनों की मनोकामना के लिए मनोकामना पूर्ति ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी इस वर्ष ज्योति कलशों की स्थापना 3 अक्टूबर एकम को होगी पंचमी का अभिषेक 7 अक्टूबर सोमवार को तथा अष्टमी हवन पूजा 11 अक्टूबर शुक्रवार को होगी 12 अक्टूबर शनिवार को ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम रात्रि में संपन्न होगा। श्री ठाकुर ने बताया कि मां काली के मंदिर में मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना के लिए ?1100 शुल्क रखा गया है कोई भी भक्त अपने या अपने इस्टजनों के नाम से ज्योति कलश स्थापित करा सकता है उन्होंने माता के श्रद्धालुओं से श्रद्धा एवं भक्ति के इस पर्व का आध्यात्मिक लाभ उठाने की अपील की है।

### मुसरा में खुला राज्य ओपन परीक्षा केन्द

**डोंगरगढ़/मुसरा 29 सितंबर।** छ.ग. राज्य द्वारा संचालित छ.ग. राज्य ओपन स्कूल का परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा में सत्र 2025-26 के लिए प्रारंभ किया गया है। इस सत्र के लिए परीक्षा आवेदन फार्म का सग्रहण, अग्रेषण एंव अध्ययन केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस संबंध में छ.ग.राज्य ओपन स्कूल रायपूर के आदेश क्रमांक 856/ परीक्षा, 2024 दिनाँक 24 सितम्बर 2024 द्वारा केन्द्र क्रमांक 01-28 नवीन केन्द्र प्रारंभ करने का आदेश प्रसारित किया गया है।

मुसरा में राज्य ओपन स्कूल का केन्द्र बनाये जाने से क्षेत्र के उन लोगो को अधिक लाभ होगा जिन्होंने किन्ही कारणो से अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण नहीं कर पाये है। वे अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकते है। राज्य ओपन स्कूल का अध्ययन केन्द्र खुलने से ग्राम के सरपंच श्री कंवल निर्मलकर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग साहू, सदस्य श्री ओंकार लिल्हारे (छिपा), संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री कौशल राम चन्द्रवंशी, संस्था के परीक्षा प्रभारी श्री कृष्णा यादव ने हर्ष व्यक्त किया है तथा लोगो से अपील की है कि सभी लोग अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण कर अपने भविष्य उज्जवल करे। उपरोक्त जानकारी अध्ययन केन्द्र के प्रभारी श्री कृष्णा यादव व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा ने दिया।

### अग्निवीर भर्ती की तैयारियों को लेकर सेना अधिकारियों और जिला प्रशासन की बैठक

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित होने के पश्चात आगामी दिसम्बर माह में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु आयोजित थल सेना भर्ती रैली के तैयारियों के संबंध में आज कर्नल एवं डायरेक्टर थल सेना अग्निवीर भर्ती छ.ग.श्री एन.पी.सेमल्टी एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक सुविधाएं समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, एडिशनल एसपी श्री रामगोपाल करियारे उपस्थित रहे। कर्नल श्री एन.पी.सेमल्टी ने बताया कि लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के लगभग 8500 अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे। जिसके लिए बोईरदादर स्टेडियम में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किया जाना है, ताकि सुव्यस्थित रूप से भर्ती रैली आयोजित हो सके। उन्होंने भर्ती रैली के संबंध में जानकारी देते हुए निष्पक्ष भर्ती हेतु अन्य राज्यों के सेना से मैन पॉवर मंगाई जाएगी। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से मैदान पर जरूरी आवश्यकताओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सेना भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी भी दी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, हाई स्पीड इंटरनेट, मैन पावर, टेबल चेयर, एम्बुलेंस जैसे अन्य सुविधाओं की आवश्यकता बतायी।

कलेक्टर श्री गोयल ने रनिंग ट्रैक, वाटर प्रुफ पंडाल, बैरिकेटिंग, स्टेज जैसे व्यवस्थाओं के संबंध में पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। इसी प्रकार विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के साथ बैकअप हेतु जनरेटर लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मांग अनुरूप 3 एम्बुलेंस के साथ मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित करने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए।

# महाविद्यालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 29 सितंबर।** राजिम शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के समाज कार्य विभाग व इको क्लब की संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य प्रो एम.एल. वर्मा सर की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में स्थित बैडमिंटन कोर्ट की साफ सफाई कि गई व खाली पड़े गमलों में फूलदार पौधों का रोपण किया गया द्य केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन करने को निर्देशित किया गया है। महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ कर समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी कार्य की शुरुआत अपने घर से किया जाना चाहिए तभी हम समाज में व्याप्त गंदगी को स्वच्छ कर पाएंगे । महात्मा गांधी जी भी यही कहा करते थे कि किसी भी कार्य की शुरुआत स्व से किया जाना चाहिए। इसी विचार को साकार करने के उद्देश्य के साथ महाविद्यालय परिसर की सफाई कर जागरूकता कार्यक्रम को चलाया गया और यह कार्यक्रम सतत् रूप से चलाया जाएगा। समाज कार्य विभाग के सहायक प्राध्यापक सोनम चंद्राकर वह प्रदीप सेन के मार्गदर्शन में यह कार्य संपादित किया गया द्य विभाग के सभी छात्र - छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा द्य

## जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता का आयोजन




**फिंगेश्वर, 29 सितंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में जिला से आए प्रतिभागियों के द्वारा बहुत ही अच्छे नृत्य नाटिका सेमिनार मॉडल का प्रदर्शन किया गया विज्ञान सेमिनार के मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है इस मुख्य कथानक के साथ 7 उप कथानक खाद्य ,स्वास्थ्य ,स्वच्छता ,संचार परिवहन ,प्राकृतिक खेती ,आपदा प्रबंधन, मैथमेटिकल मॉडलिंग ,अपशिष्ट प्रबंधन ,संसाधन प्रबंधन है इन विषय पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय छुरा के छात्र छात्रों ने बहुत ही अच्छा नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया जिला, जज के रूप में आई पी साहू प्राचार्य हाथबाय अजय यादव व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया सेमिनार में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी एवं शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम में विद्यालय से आए मार्गदर्शक शिक्षक साथी मीनाक्षी शर्मा वंदना देवानंद सुदामा लोधी रितेश पटेल उपस्थित थे जिला स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं का अगला प्रदर्शन ज़ोन स्तर पर डायट रायपुर में 30 सितंबर को आयोजित है जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे सभी चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी है ए के सारस्वत सहायक जिला नोडल सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह और जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा, पूरन लाल साहू प्राचार्य ने बधाई दी है और आगे जिले का नाम ज़ोन स्तर पर रोशन करने के साथ शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## संगठनात्मक विस्तार को लेकर गोंड समाज की बैठक संपन्न



**बीजापुर,29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदिवासी गोंड समाज में एकता और सामाजिक विकास के लिए संगठनात्मक विस्तार को लेकर आरईएस कालोनी स्थित गोंड भवन में जिले भर से समाज के सदस्य शनिवार को एकत्र हुए थे।बैठक में भोपालपट्टनम, आवापल्ली, भैरमगढ़ और बीजापुर विकास खंड के विभिन्न गांवों में निवासरत गोंड समाज के लोग पहुंचे थे। बुढ़ादेव की सेवा अर्जी के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा हुई जिसके तहत आगामी सप्ताह तक सभी ब्लाक मुख्यालय में समाज की बैठक कर जिला स्तरीय संगठन के निर्माण किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कई पीढ़ियों से यहां निवासरत गोंड समुदाय और छत्तीसगढ़ प्रांत से बसे सामाजिक सदस्यों के साथ रोटी बेटी के संबंधों की शुरुआत सहित तीज त्योहार की एकरूपता पर चर्चा की गई।बैठक में कामेश्वर गौतम, सालिक नागवंशी, बीएल पद्माकर, मोहन सिंह परते, सीएस नेताम, भावसिंह भास्कर, धनेश्वर कुंजाम, जनक नेताम, संगदेव मरकाम, बुधराम सलाम, नारद मंडावी, इंद्रादेवी कुंजाम, रानू सोरी, सुहागा तारम, सावित्री जुर्री सहित सैकड़ों की संख्या में गोंड समाज के सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय रेडक्रास शाखा बीजापुर की प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

**बीजापुर,29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय रेडक्रास शाखा बीजापुर के प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छ.ग. के अर्द्धशासकीय पत्र के अनुसार जिले के गणमान्य नागरिकों को सूचित किया जाता है कि प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया हेतु भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बीजापुर के आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर के सूचना पटल पर 28 सितम्बर 2024 को प्रकाशन किया जाएगा। यदि किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो 03 अक्टूबर 2024 तक सायं 05:30 बजे तक अपना दावा आपत्ति आवेदन मय सदस्यता रसीद सहित जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् दावा आपत्ति मान्य नही होगा। 03 अक्टूबर के पश्चात् प्राप्त आवेदन आपत्तियों का निराकरण कर आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन 07 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा। जिसके आधार पर जिला शाखा बीजापुर के प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा।

## दुगईगुडा पोटाकेबिन के छात्र की मौत

**बीजापुर,29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उसूर विकास खण्ड के दुग ई गुडा पोटाकेबिन मे अध्ययन रत पहली कक्षा के छात्र राजेश पुनेम की शनिवार की सुबह परिसर मे टहलते समय अचानक चक्कर आने से गिर पडा जिसे तत्काल आवापल्ली के अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सक ने जांच के उपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया ..घटना के सबंध मे बताया गया है कि शुक्रवार को बचचे की तबियत बिगडी थी जिसका इलाज कराया गया था और बच्चा ठीक था लेकिन शनिवार को अचानक चक्कर खा कर गिर जाने से उसकी मौत हो गई है बहरहाल पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा चुंकि इस समय बारिश का मौसम है और मौसमी बिमारियों का दौर है ऐसे मे समय समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण होना जरुरी है कभी कभी सामान्य बीमारियों को बच्चे गभीरंता से नहीं लेते है और लापरवाही बरतते है इससे जान पर बन आती है।

# अग्रसेन डांस बैटल में समाज की कलाकार बेटियों ने मचाया धूम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 29 सितंबर।** अग्रसेन जयंती से पूर्व आयोजित अग्रवाल नवयुवक समिती के कार्यक्रमो मे दिन शुक्रवार की देर शाम अग्र डांस प्रतियोगिता नामक प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। इस प्रतियोगिता मे समाज के पचास से भी अधिक नेन्हे कलाकारो ने नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर छोटे बडे सभी का मन मोह लिया। दिन शुक्रवार की देर शाम अग्र डांस प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व ही मंच महिला एवं पुरूषो से खचाखच भरा हुआ था। अग्रवाल नवयुवक समिती द्वारा इस कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए काफी मेहनत की थी। कार्यक्रम के बीच मे अग्रबंधुओ के लिए हाईटी की भी व्यवस्था की गयी थी। अग्र डांस प्रतियोगिता तीन चरणो मे पूरी करायी गयी,जिसमे प्रथम चरण मे लगभग 40 से भी अधिक समाज के नन्हे बेटे बेटियों ने भाग लेकर जयंती के इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रथम चरण मे कक्षा तीसरी से पांचवी का कार्यक्रम शुरू होते ही दर्शक दीर्घा से लगातार तालियां बज रही थी,जिसमे पहला स्थान कियांश पिता राकेश अग्रवाल के नाम रहा। दूसरे स्थान पर नृत्य की बेहद मनमोहक प्रस्तुति देने वाला निर्भय पिता विकास अग्रवाल का था। नृत्य का तीसरा स्थान आश्वी पिता आशीष अग्रवाल ने बनाया। दूसरे चरण के अग्र डांस बैटल कक्षा 6 वीं से 8वीं मे भी 20 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया था,सभी ने एक से बढकर एक लाजवाब नृत्य की प्रस्तुति देकर अग्र बंधुओ को स्वतः ही तालियां बजाने को मजबुर कर दिया। दूसरे चरण की प्रतियोगिता मे पहला स्थान मान्या पिता महेश गोयल का था,वही अपने नृत्य का जलवा बिखेरते हुये दूसरा स्थान रितिका पिता मनीष गर्ग का रहा। तीसरे एवं अंतिम स्थान पर काजल पिता पवन अग्रवाल का रहा था। तीसरे चरण के डांस जरा हटके प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मान्या गोयल की टीम रही,दूसरे स्थान पर अग्र बेटियों ने बनाया। वही तीसरा स्थान छवी पिता पवन मित्तल ने अपने नाम करी,इन सभी विजयी बालक बालिकाओ के अलावा प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी बच्चो ने नृत्य की काफी मनमोहक प्रस्तुति दी,जिसकी समाज के सभी लोगो ने काफी प्रशंसा की।।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद 29 सितंबर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2024 को स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन, बागबाहरा रोड, महासमुंद, छत्तीसगढ़ में प्रातः 10¬00 बजे से आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के लिए मनोरंजन और खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, बकेट बॉल, नींबू-चम्मच दौड़ जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय सुरक्षा और संरक्षण पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

## अग्रसेन मैराथन में दौड़ा अग्रवाल समाज



**पत्थलगांव, 29 सितंबर।** अग्रसेन जयंती के सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे दिन शनिवार की सुबह अग्रसेन भवन के सामने मार्ग मे सैकडो अग्र बंधु एकत्रित हुये थे,दरअसल ये मौका अग्र मैराथन दौड का था,जिसे अग्रवाल समाज से सभी वर्ग के लोग मिलजुलकर सफल बनाते है यही कारण था कि समाज के पुरूषो के अलावा बच्चे एवं महिलायें भी मैराथन दौड मे शामिल होने यहा मौजुद थी। अग्रसेन भवन के करीब आज हाथो मे भगवान अग्रसेन का ध्वज थामे सैकडो की संख्या मे अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित हुये थे,समाज के वरिष्ठो की अगुवाई मे मैराथन दौड की शुरूवात की गयी,पुरूष व बालक वर्ग के लिए दौड अग्रसेन भवन से प्रकाश हाईस्कूल तक रखी गयी थी,मैराथन दौड मे प्रथम स्थान सरल दिनेश गोयल,सुनील कैलाश अग्रवाल व तृतीय स्थान पर हर्ष राजेश अग्रवाल का था। महिलाओ मे प्रथम स्थान ज्योति आशीष अग्रवाल,दूसरे स्थान पर डॉली संदीप अग्रवाल एवं तीसरा स्थान प्रीति सुनील अग्रवाल के नाम रहा। बालिका वर्ग मे प्रथम स्थान पर सांझी संतोष मित्तल,छवि पवन मित्तल व तृतीय स्थान पर कॉजल पवन मित्तल रही। अग्र मैराथन दौड अग्रवाल समाज की एकता एवं अखंडता के उददेश्य को लेकर प्रत्येक वर्ष जयंती से पूर्व आयोजित करायी जाती है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने बताया कि मैराथन दौड समाज की एकता के साथ समाज की समरसता एवं समाज के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक मानी जाती है।



### देवारभांठा में अशोक बजाज ने सुनी मन की बात

**रायपुर।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर विधान सभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 19 ग्राम देवारभांठा धूसेरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। श्री बजाज ने अनेक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद सदस्य सूरज लाल साहू, दीपक राजा दीवान, रोहित कुर्रे, मंगल साहू, खोम सिंह ठाकुर, रामकुमार पाल, राजकुमार पाल, राजाराम पाल, दीनू साहू, रमाकांत साहू, गौतम तारक, गिरवर साहू, झड़ी राम साहू, सेवाराम साहू एवं सोहन तारक सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।


# एकाउंट खुलवाकर की धोखाधड़ी

**भिलाई, 29 सितंबर।** भिलाई दो पोर्टल चलाने वाले गोविंदा चौहान और रविकांत मिश्रा ने दूसरे के बैंक एकाउंट खोलाकर छल और धोखाधड़ी की दोनों अपने अलग.अलग बैंक एकाउंट में 80और 85 लाख यानी 1 करोड़ 65 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया है। रिपोर्ट पर मामले में सुपेला पुलिस ने दोनों के खिलाफधोखधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया गदा चौक इंदिरा नगर निवासी धीरज महतो ;22 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका दोस्त रावणभाठा निवासी मुकेश तांडी ;22 साल द्ध दोनों दोस्त है। दोनों ने शिकायत की है कि वह जुनवानी स्थित श्रीशंकराचार्य अस्पताल के पास चाय गुमटी चलाता है। दोनों गोविंदा चौहान को पहले से जानते है वर्ष 2023 में गोविंदा चौहान ने दोनों से बोला कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिलाउंगा। इसके लिए दोनों को बैंक एकाउंट खोलाना पड़ेगा। दोनों उसके झांसे में आकर आईडीएफसी बैंक में खाता खोलवा लिए। इस बीच गोविंदा चौहान और रविकांत मिश्रा ने कहा कि दोनों का बैंक खाता और एटीएम ले जाना पड़ेगा। क्योंकि बैंक खाता को सिस्टम में अपडेट करना होगा। धीरज और मुकेश दोनों का बैंक एकाउंट और एटीएम लेकर चले गए धीरज और मुकेश ने अपने बैंक खाता में मोबाइल नम्बर को अपडेट करा दिया। कुछ दिन बीत गएए लेकिन गोविंदा और रविकांत ने बैंक खाता और एटीएम नहीं लौटाया मांगने पर टालमटोल करने लगे। तब दोनों को शक हुआ दोनों बैंक गए और एकाउंट के बारे में बैंक प्रबंधन से जानकारी ली बड़ी रकम का अवैध तरीके से ट्रांजेक्शन हुआ इसलिए मुंबई ब्रांच ने बैंक एकाउंट को होल्ड कर दिया है यह सुनकर दोनों को होश उड़ गए। इसके बाद धीरज और मुकेश के खाते में हुए ट्रांजेक्शन से बता चला कि दोनों 1 करोड़ 65 लाख रुपए अपने खाना में ट्रांसफर करा लिए है गोविंदा के खाता में 80 लाख और रविकांत मिश्रा के खाता में 85 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ दोनों के खातों की डिटेल मंगाया गया है

## गर्भवती माताओं की पहली एएनसी जांच समय पर कराने चलाए अभियानःकलेक्टर

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टर सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला एमडीएसआर समिति की बैठक ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने व अस्पतालों में भर्ती गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने व सुरक्षित प्रसव को लेकर पूरी संजीदगी से काम करें। उन्होंने मितानिनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, उनका नियमित स्वास्थ्य जांच एवं फालोअप लेने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री गोयल ने गर्भवती माताओं को मिलने वाली रेडी टू ईट फूड की भी जानकारी लेते हुए नियमित इसका वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गर्भवती माताओं की पहली एएनसी (एंटीनेटल केयर टेस्ट) जांच टाईम पर कराने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए जागरुक करें ।और शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में आने के लिए प्रेरित करें। शासन के संस्थागत प्रसव की योजना का लाभ महिलाओं को मिले इसके लिए सार्थक पहल करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को लेकर जागरुकता अभियान चलाने के साथ-साथ मितानिनों व कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने में जुट जाएं। स्वास्थ्य केन्द्रों में शासन से मिलने वाली सभी दवाईयां की उपलब्धता सुनिश्चित करवायें, जिससे ग्रामीण जनों को भटकना न पड़े।बैठक में सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, सिविल सर्जन डॉ.उषा किरण भगत, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, डॉ.काकोली पटनायक, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.तनवी तिग्गा, समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड प्रबंधक, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे।

# विस्फोटकों के परिवहन, भंडारण और उपयोग में सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं :कलेक्टर



**रायगढ़, 29 सितम्बर।** रायगढ़ में खदानों में विस्फोटकों का उपयोग होता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रावधान हैं। जिले के भीतर विस्फोटकों के परिवहन, भंडारण और उपयोग के दौरान सुरक्षा मानकों से कहीं पर भी समझौता बिलकुल भी नहीं होना चाहिए। सारे कानूनी प्रावधानों की पूर्ति की जाए और सबसे महत्वपूर्ण जिले में विस्फोटकों के मूवमेंट और परिवहन की पूरी जानकारी जिला प्रशासन और पुलिस को अग्रिम रूप से दी जाए। यह बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विस्फोटक भंडारण, परिवहन और उपयोग की समीक्षा के संबंध में आयोजित उद्योग प्रबंधन की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि विस्फोटकों के उपयोग से संबंधित जो भी कानूनी प्रावधान है उसका पालन सभी संबंधित उद्योग सुनिश्चित करें। इसको लेकर अब लगातार जांच और कार्यवाही चलेगी। बैठक में भारत सरकार के पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी और डायरेक्टर जनरल माईनिंग सेफ्टी विभाग के अधिकारी सहित पुलिस और जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने साफतौर पर कहा कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर के साथ ही जन-जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है कि विस्फोटकों के परिवहन के दौरान लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला कार्यालय के साथ ही पुलिस अधीक्षक और संबंधित थाने को भी इसकी सूचना दी जाए। जिससे प्रशासन सतर्क रहे और जरूरी एहतियात बरती जा सके। इसके साथ ही विस्फोटकों के भंडारण और उपयोग को लेकर भी प्रतिमाह जानकारी उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सरकार ने विस्फोटकों उत्पादन से लेकर उसके सुरक्षित उपयोग तक के लिए मानक तय किए हुए हैं। जिसकी निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी संबंधित विभागों को भेजी जानी है। इसमें कही कोई लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों द्वारा विस्फोटकों के भंडारण, परिवहन एवं उपयोग के संबंध में जो भी जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी उसके आधार पर प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। हमारा उद्देश्य विस्फोटकों का सुरक्षित उपयोग तथा नागरिकों की सुरक्षा है। बैठक में केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम एण्ड एक्सप्लोसिव सेफ्टी विभाग के उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक नया रायपुर श्री मुकेश तितरे व डायरेक्टर जनरल माईनिंग सेफ्टी के उप संचालक श्री श्रीनिवास चिर्रा शामिल हुए। अधिकारियों ने विस्फोटकों के सुरक्षित उपयोग हेतु तय मानकों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विस्फोटक के मेनुफेक्चरर से लेकर ट्रांसपोर्ट, भंडारण, उपयोग और विस्फोटक के हैण्डलिंग के लिए सुरक्षा मानक तय किए गए है। इसे पूरा करना हर संबंधित लाईसेंसधारी की जिम्मेदारी है। विस्फोटकों का जब परिवहन हो रहा हो तो संबंधित जिले के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उसकी जानकारी एडवांस में उपलब्ध करानी है। विस्फोटक के उपयोग के दौरान संबंधित स्थान पर निर्धारित क्षेत्रफल तक सुरक्षा के सभी प्रबंध करना लोगों की आवाजाही तथा अन्य गतिविधियों को प्रतिबंधित करना तथा आपदा एवं राहत बचाव के लिए भी समुचित व्यवस्था रखने की जिम्मेदारी उस लाईसेंसधारी संस्थान प्रबंधन की है।

# नेहरू कालेज में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितंबर तक रेलवे फुटबॉल मैदान डोंगरगढ़ में कोरबा व रायगढ़ के मध्य शुभारम्भ मुकाबला खेला गया। जिसमें रायगढ़ सेक्टर की टीम ने 3-1 से कोरबा सेक्टर को हराया। वहीं प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला में जिला राजनांदगांव सेक्टर व बलौदाबाजार सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें जिला राजनाँदगांव सेक्टर की टीम के खिलाड़ीयों ने शानदार गेम का प्रदर्शन करते हुए 4-1 से मुकाबला बलौदाबाजार की टीम से जीत लिया।

उक्त प्रतियोगिता में राज्य से 10 जिलों की टीमो ने शिरकत किया है। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर, सरगुजा, राजनांदगांव, बलोदा बाजार, बस्तर जांजगीर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं दुर्ग सेक्टर की टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे प्रारम्भ किया गया। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्री, जनप्रतिनिधि, उच्च शिक्षा विभाग अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एव टीम मैनेजर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के पूर्व सांसद मधुसुदन यादव ने प्रतियोंगिता का शुभारंभ करते हुए अपने उत्बोधन में राज्य से आए हुए खिलाडियों का स्वागत करते हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जीवन में खेलों का महत्वपूर्ण स्थान है जैसा कि राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी तो खैरागढ़ को बैल दौड़ प्रतियोगिता के नाम से जाना जाता है तो डोंगरगढ़ को फुटबॉल के नाम से मशहूर है। श्री यादव ने कहा कि दोनों टीमों में एक की जीत होगी तो उनको भी बधाई व हारने वाली टीम को भी बधाई उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है वे अपने




परिश्रम से फिर से आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। वहीं कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने खिलाडियों को अपने खेल जीवन का अनुभव साझा करते बताया गया कि डोंगरगढ़ अपोलो व बिलासपुर की शेरसा के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया था व शेरसा की टीम में रेलवे के होनहार खिलाडियों से सुसज्जित टीम को हमारी टीम ने 01 गोल से मात देने में कामयाब हुई तो पूरे शहर में जनचर्चा थी कि डोंगरगढ़ अपोलो के लड़को ने शेरा को हराया। जो सुखद पल आज भी याद आते है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी हरविंदर एस मंगे, प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल सुरेंद्र सिंह बन्नौआना, नेहरू कॉलेज जनभागी समिति के अध्यक्ष सुनील चीकू जैन, नेहरू कालेज प्रिंसपल व्ही रेवती मैडम, शहर व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जैन कुमार मेश्राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष पार्षद अमित छाबड़ा, राकेश अग्रवाल, हरीश मोटघरे, डीएकेश राव, उपकार साहू, नेहरू कालेज के क्रीड़ा अधिकारी मुन्नालाल नदेश्वर, उपकार साहू, मोनू भंडारी सहित नेहरू कॉलेज के शिक्षक शिक्षकाए सहित राज्य से आए खिलाड़ी सहित नगर की फुटबॉल खेलप्रेमी जनता बड़ी संख्या में खेल का आनन्द लेने उपस्थित रहे।

क्रीड़ा अधिकारी मुन्नालाल नदेश्वर ने 29 सितम्बर के होने वाले मुकाबलो की जानकारी देते बताया गया कि रविवार को कुल 04 मैच होंगे। पहला मैच प्रातः 8.00 बजे से रायपुर सेक्टर व सरगुजा सेक्टर के मध्य व 9.30 बजे बिलासपुर व जांजगीर सेक्टर के मध्य तो शाम का पहला मुकाबला 4.30 बजे रायगढ़ सेक्टर व दुर्ग सेक्टर तो दूसरा मुकाबला राजनाँदगांव व बस्तर सेक्टर के मध्य खेला जायेगा।

## एक नजर

### भेंडसर में हुआ पोषण त्यौहार का आयोजन



**भखारा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत भेंडसर(जोरातराई) में पोषण त्यौहार का आयोजन किया गया इस अवसर पर गांव के समस्त शिशुवती, गर्भवती महिला एवं पालको को आमंत्रित किया गया जिसमें पर्यवेक्षक नीता वर्मा द्वारा पोषक आहार के विषयों में विधिवत प्रकार के खाद्य पदार्थ, स्थानीय भोग्य पदार्थ के विषय में बताया गया स्थानीय फल सब्जी का अधिक से अधिक उपयोग करने कहा गया साथ ही आरटीई के सही उपयोग की विधि बताया गया आरटीई के व्यंजन एवं स्थानीय सब्जियों की प्रदर्शनी लगाकर महत्व बताया गया कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर प्रवीण चंद्राकर द्वारा गर्भवती को गर्भ संस्कार के विषय में विस्तार से बताया गया योग शिक्षक परशुराम निर्मलकर के द्वारा गर्भावस्था के दौरान सर्वाधिक मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखने के लिए विभिन्न प्रकार के योग एवं ज्ञान का प्रदर्शन कर गर्भवतियों को नियमित योगा करने हेतु प्रेषित किया गया इस अवसर पर जनपद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू के द्वारा सभी शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी पोषण आहार की उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जोरातराई सरपंच खिलावन पाल, आरएचओ भारत लाल साहू, पंच रविंद्र सेन, उत्तरा सेन, दुर्गा साहू, मितानिन गीतांजलि साहू, ममता ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना साहू, कमलेश मिश्रा, शारदा ध्रुव, निलम साहू एवं गांव के गर्भवती व शिशुवती महिला की उपस्थिति में पोषण कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया!

### भैसबोड़ स्थित शीतला मंदिर में ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

**भखारा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शीतला माता मंदिर भैसबोड़ में क्वांर नवरात्रि में 03 से 11 अक्टूबर तक होने वाली नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है, जो श्रद्धालुजन मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करना चाहते हैं वे मंदिर पुजारी एवं मंदिर समिति से संपर्क कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए संतोष कुमार नागरची कोटवार ने बताया कि तेल ज्योति कलश की राशि 751 रूपये निर्धारित की गई है।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस रायगढ़ एवं राजनांदगांव की टीम ने मारी बाजी

# जो जीता वही सिकंदर लेकिन जो हारे वह प्रयास करे निरंतर : मधुसूदन यादव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर शनिवार को दोपहर 2 बजें से प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डोंगरगढ़ एवं छग फुटबॉल एसोसिएशन के संरक्षक विनोद खांडेकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, वरिष्ठ नेता प्रदीप बाघ, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, समाजेसवी हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष खेल संघ विवेक मोनू भंडारी, जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष न.पा. अमित छाबड़ा, मंडल महामंत्री राकेश अग्रवाल, सुमित मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, मिलिद टेम्भुरकर, पार्षद हरीश मोटघरे, यादव, नागेंद्र परिहार, बलविंदर भाटिया, सत्यम स्वामी, सत्यम यादव, उमेश हथेल, मानिक सेन, पूर्वा समर्थ, कुश मालेकर, आशु सहित जनभागीदारी समिति के सदस्यगण प्रकाश चौरडिया, महेंद्र भाई पटेल, राजेश





दम्मानी, विनित यादव, उपकार साहू, जसमीत सिंह बन्नौआना, मनीष सोनी, शेख अब्दुल्ला, दुर्गेश साहू, सुमित ताम्रकार, हेमलाल वर्मा, अमन जनबंधू, अविनाश टेम्भुरकर, उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय अरपा पैरी के धार के साथ शुरू किया गया। पश्चात समस्त अतिथियों का महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों जीत का लक्ष्य लेकर खेलने की बात कहते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यादव ने कहा कि जो जीता वही सिंकदर लेकिन जो हारे वह और प्रयास करें निरंतर। उन्होने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजक विभाग को शुभकामनाएं देते हुए खेल क्षेत्र में विकास हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खांडेकर ने सभी सेक्टरों से आये खिलाड़ियों को बताया कि आपका सौभाग्य है कि आपको डोंगरगढ़ के इस फुटबाल मैदान में खेलने का अवसर प्राप्त हुआ क्योकि इस मैदान में प्रदेश के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अपने खेल जीवन की शुरूआत कर संघर्ष कर सफल हुए। साथ ही अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजक विभाग एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए सभी सेक्टरों से आयी टीम को स्वागत अभिनंदन किया व पूरे उत्साह के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसी प्रकार द्वितीय सत्र के मैच में मुख्य अतिथि के रूप हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग कुलपति एवं कमीशन दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर व विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक शारीरिक शिक्षण विभाग दिनेश नामदेव, क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी, अनिता पोषार्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राठौर ने अपने उद्बोधन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं आयोजक नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के समस्त स्टाफ सहित आये हुए सभी सेक्टरों के सेक्टर प्रभारियों, टीम मैनेजर, क्रीड़ा अधिकारियों एवं खिलाड़ियों को बधाई दी एवं सभी खिलाड़ियों को जीत के लक्ष्य के साथ टीम के साथ सामंजस्य बनाकर खेल भावना का परिचय देते हुए खेल का आनंद लेने की बात कही। खेल की शुरूआत अतिथियों द्वारा सभी टीमो के खिलाड़ियो, टीम मैनेजरों से परिचय, एवं फुटबाल को कीक मारकर की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उक्त प्रतियोगिता हेतु अपना बहुमूल्य समय निकालकर आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि यादव, खांडेकर, दुर्ग वि.वि. के कुलपति राठौर सहित जनभागदारी समिति के सदस्यगणों एवं सभी सेक्टर से आये टीमों के टीम मैनेजर, समन्वयकों, क्रीड़ा अधिकारियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

# ट्रक और मेटाडोर से लगातार टायरों की चोरी से आक्रोशित मालिकों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 29 सितम्बर।** भाटापारा शहर में ट्रक और मेटाडोर से लगातार टायरों की चोरी हो रही है जिससे कि ट्रक मालिक और मेटाडोर मालिकों में काफी असंतोष और रोष व्याप्त है। पिछले दो-तीन दिनों से रोजाना

लिंक रोड में खड़ी ट्रैकों एवं मेटाडोर से टायरों की चोरी हो रही है पिछले दिनों में लगातार चार पांच गाड़ियों से टायर की चोरी हुई है पुलिस की रात्रि ग्रस्त कहा है यह दिखाई नहीं पड़ रहा है। शुक्रवार को ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं मेटाडोर संगठन के मालिकों के द्वारा माहेश्वरी भवन में एक बैठक आहूत की गई और लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई साथ ही पुलिस के सुस्त रवैये को लेकर नाराजगी वक्त की गई। बाद में यूनियन के सभी लोगों ने माहेश्वरी भवन से शहर थाने




तक के पैदल मार्च करके थाना पहुंचकर ज्ञापन दिया। इस दौरान रास्ते पर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गई। पुलिस को सौंप गए ज्ञापन में बताया गया है कि 2 दिन पूर्व मयूर परिवहन की ट्रक से दो टायर की चोरी हुई थी जिसकी सूचना थाने में दे दी गई थी 24 घंटा बीता होगा बम मुश्किल से बीती रात फिर दो गाड़ियों से चार टायरों की चोरी हो गई जिसको लेकर के वाहन मालिकों में गहन असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि इसके पूर्व भी इस सड़क से और अन्य स्थान तरेंगा रोड सिद्ध बाबा बब्बू गोदाम के समीप से ट्रक एवं मीटर दूर वहां से कुल लगभग 100 बैटरी बैटरी वायर जैक रोड खड़ी गाड़ियों से चोरी हो चुके हैं ड्राइवरो के हाथ से मोबाइल व नगदी रकम की भी लूट व छीना झपटी पूर्व में हो चुकी है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि शीघ ही ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो और चोरी की घटनाएं नहीं रुकती है तो ट्रक मालिकों को विवश होकर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा इसके अतिरिक्त अपने वाहनों की चाबी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जाकर सौपना पड़ेगा। ज्ञापन में यह मांग की गई है कि ठोस व उचित कार्यवाही पुलिस के द्वारा की जाती है तो पुलिस प्रशासन पर आम लोगों का विश्वास कायम हो सकेगा। बता दे कि बीते कुछ समय से क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं बड़ी है रोहरा गांव के पास हुई लूट की घटना का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है जहां पर एक सर्राफा व्यवसाई से 3.25 लाख की लूट अज्ञात लुटेरे ने कर ली थी इसका आज तक के कुछ पता नहीं चल पाया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राधेश्याम शर्मा फगा महाराज, जीतू तिवारी, मनमहेंद्र सिंह चावला, संजय अग्रवाल, निहाल पांडे, विनय मल, पंकज त्रिवेदी, मयूर शर्मा, पप्पू अग्रवाल, बबलू मिश्रा, सन्नी मक्कड़, रवि वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय कालेज में वीरांगना देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह आयोजित

# मातृशक्ति व समाज सेवा की सर्वोत्तम उदाहरण देवी अहिल्याबाई : टोपलाल वर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 29 सितम्बर।** बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में आयोजित अमर वीरांगना देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह के अवसर पर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण हेतु विस्तार व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय में आयोजित इस व्याख्यानमाला से छात्र- छात्राओं को पूण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की सादगी, कर्तव्य निष्ठा, धर्म के प्रति प्रतिबद्धता, प्रशासनिक कौशल एवं दूरदर्शिता से रूबरू होने का एक शानदार अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. टी.एल.वर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. के. के. साहू, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ. कमलेश कुमार शुक्ला, सह-प्राध्यापक बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका डॉ. भावना कमाने द्वारा



विशिष्ट अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. टी. एल. वर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर सहीं अर्थो में मातृशक्ति थीं। उन्होंने दशकों पूर्व राष्ट्रीय, सांस्कृतिक एवं भावात्मक एकीकरण का अविस्मरणीय प्रयास किया। उन्होंने देवालयों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों के जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण का अत्यंत साहसिक कार्य किया। उनका योगदान ऐतिहासिक है। उन्होंने प्रभावी राज्यशैली, धर्मपरायणता एवं बुद्धिमत्ता की मिसाल पेश की। उनके अवदान मात्र होलकर राज्य तक सीमित नहीं है, वरन संपूर्ण भारत और विश्व में एक सशक्त नारी शक्ति के रूप में उनका स्मरण किया जाता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर जी को याद करना भारतीय संस्कृति के उदात्त पक्षों को याद करना है, जिनका उन्होंने आजीवन संरक्षण किया। देवी अहिल्याबाई होलकर अपनी कर्तव्य परायणता एवं समाजसेवा से लोकमाता बनीं। डॉ वर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि अहिल्याबाई न केवल समाज सेविका थी बल्कि एक पर्यावरण संरक्षिका भी थी, जिन्होंने अपने होलकर राज्य में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया। उन्होंने सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को भी समाप्त करने का प्रयत्न किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. के. के. साहू एवं डॉ. कमलेश कुमार शुक्ला ने भी छात्र-छात्राओं को देवी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके सामाजिक सेवा के मार्ग पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया। आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के डॉ. शिवेंद्र बहादुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नरेन्द्र कुमार ध्रुव, भारती मंडावी, ओम प्रकाश साहू, हितेश नेताम, भावना दीवान, त्रिभुवन साहू, राकेश कुमार कौशिक, दानेश्वर वर्मा, पद्मराज क्यूट एवं पवन साकेत की गरिमामय उपस्थिति रहा।

## समाचार संक्षेप

# अश्लील फोटो भेजने वाले को सात वर्ष का कारावास

**डोंगरगढ़, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोबाईल मेंआरोपी द्वारा अश्लील फोटो भेजने पर सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजक अशोक लिल्हारे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि आरोपी निलेश रानीवाल पिता सुरज रानीवाल उम्र 25 वर्ष निवासी केदार बाडी वार्ड नम्बर 3 डोंगरगढ़ ने मृतिका के चाचा को मृतिका का अश्लील फोटो मोबाईल के माध्यम से इस्टाग्राम में वायरल करने पर उनके चाचा द्वारा पीड़िता के पिता को फोटो दिखाने पर मृतिका के पिता द्वारा मृतिका को पुछे जाने पर मृतिका द्वारा खेत में छिडकने वाले निदा नासक सफाया को पी लिया उल्टी होने पर मृतिका द्वारा लिखा गया सोसाईट नोट को पिता को बताने पर 01 फरवरी 2022 को उन्हें 112 के माध्यम से टप्पा स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया, स्वास्थ केन्द्र द्वारा प्राथमिक उपचार दौरान उन्हे राजनांदगांव मेडिकल कालेज रिफर किया गया, ठीक नहीं होने पर उन्हे रायपुर मेकाहारा में भर्ती किया गया और ईलाज के दौरान 08 फरवरी 2022 को मेकाहारा में कुमारी श्वेता साहू पिता रोशन लाल साहू की मृत्यु होने पर डोंगरगढ़ थाना द्वारा मर्ग 0/2022 मर्ग उपरांत अपराध क्रमांक 226/2023, 03 जून 2022 को प्रथम सूचना पत्र से संपूर्ण विवेचना उपरांत अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में चालान पेश कर सत्र दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 12/2022 में संपूर्ण गवाह एवं अश्लील वायरल फोटो को आर्टिकल न्यायालय द्वारा सही पाये जाने पर आरोपी एवं मृतिका के चाचा के मोबाईल में आये अश्लील फोटो का निरीक्षण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश डोंगरगढ द्वारा आरोपी के द्वारा मृतिका को मानसिक रूप से प्रताड़ित एवं आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करने पर 28 सितम्बर 2024 को धारा 306 भा.द.स. में सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया तथा धारा 506 में छः माह का कारावास एवं 500/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया दोनो दण्ड के साथ-साथ रहेगा, दण्ड की राशि नही जमा करने पर छः माह अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के द्वारा पैरवी की गई।

## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के दूसरे दिन शामिल हुए गोविंद साहू



**भखारा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार की बेलगाम व्यवस्था और चारो तरफ मची लूट, हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के हाथो को मजबूत करने धमतरी जिला पंचायत सदस्य, सभापति गोविंद साहू ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के साथियों संग इस यात्रा में सम्मिलित हुए और इस न्याय यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बताते हुए कहा कि निश्चित ही यात्रा आमजन की आवाज सड़क से लेकर सदन तक पहुंचने का माध्यम है भाजपा की साय सरकार पूर्ण रूप से हर क्षेत्र में फेल हो रहे है छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में शासन-प्रशासन कुछ भी नहीं संभल रहा है हर तरफ हर वर्ग महिला, युवा, किसान, व्यापारी, शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, पानी सारी की सारी मूलभूत सुविधाओं के आम जनता तरस रही है प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाएं रोकने में सरकार विफल डबल इंजन की सरकार पूर्ण रूप से विफल हो गई है इस यात्रा में शामिल होने वाले में प्रमुख रूप से ब्लाक उपाध्यक्ष रामचंद्र साहू, सेक्टर प्रभारी राजा बंजारे, उत्तम सिन्हा, युकां महासचिव रूपेंद्र साहू सम्मिलित हुए!

## 1000 सीटर अत्याधुनिक आडिटोरियम की सौगात जल्द ही, कलेक्टर ने किया निरीक्षण




**बलौदाबाजार, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज जिला मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में पहुँचकर निर्माण कार्यो का जायजा लिया। साथ ही उन्होनें सभी संबंधित अधिकारियों को बचे हुए कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे आडिटोरियम में धीमी गति पर चले रहे कार्यो पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बचे हुए कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही साउंड सिस्टम एवं बचे हुए चेयर को 7 दिनों के भीतर ठीक करने दिया है। गौरतलब है कि नगर के रायपुर रोड पर स्थित अम्बेडकर चैक के पास बन रहे आडिटोरियम शहर की एक नयी पहचान होगा। उक्त आडिटोरियम जिलें की सबसे बड़ी आडिटोरियम होगा। लम्बे समय से जिलेंवासियों की महत्वपूर्ण मांगों में शामिल थे। उक्त आडोटोरियम में 1 हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी जो कि पूर्णतः वाताअनुकुलित होगा। इसके अतिरिक्त आडोटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाईटिंग सिस्टम से लैस है। जिसका उपयोग जिलावासी एवं सामाजिक संगठन आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपयोग कर सकते है। आडिटोरियम के कार्य भी अंतिम चरण में फिनिसिंग के कार्य किया जा रहा है। इसकी सुन्दरता को बढ़ाने के लिए बाउण्ड्रीवाल भी अलग से बनाई जा रही है। जो कि मेंटेनेस आधारित होगा। उक्त स्थल में पार्किंग भी समुचित व्यवस्था रहेगीं। आडिटोरियम के सुचारू संचालन एवं रख रखाव के लिए कलेक्टर ने एसडीएम बलौदाबाजार को समिति बनाने के निर्देश दिए है। उक्त निरीक्षण के ईई पीडब्ल्यूडी टी सी वर्मा, एसडीओ नायक, सब इंजीनियर विभाकर जोशी सहित ईएंडएम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय का किया निरीक्षण, पढ़ने के लिए जल्द ही मिलेगी फ्री वाई-फाई की सुविधा

**बलौदाबाजार, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज बलौदाबाजार नगर स्थित जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रंथालय में आने वाले छात्रों से रूबरू होकर पढ़ाई में होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल किए. इस दौरान छात्र पलक ध्रुव, स्वाति साहू एवं ऋतु साहू ने तैयारियों के संबध में जानकारी देते हुए कलेक्टर को जानकारी प्रदान किए है। कलेक्टर ने छात्रों की मांग पर जिला ग्रंथालय में अब फ्री वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए संबधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। इसके साथ ही सोनी पुस्तकों को बेहतर व्यवस्थित करने, बैठक व्यवस्था अच्छी करने एवं बाथरुमो की नियमित साफ सफाई के भी निर्देश दिए है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमाशु भारती, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी एवं ग्रंथालय प्रभारी डी के वर्मा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### माँ धूमावती सिध्द्धपीठ में ज्योति कलश स्थापना 3 को

**रायपुर, 29 सितम्बर।** माँ धूमावती सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर में शारदीय नवरात्र अश्विन शुक्ल (क्वांर) में माँ घूमावती आत्म कल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्जवलन 3 अक्टूबर को प्रातः 11:36 बजे से 12:24 के मध्य शुभ मूहूर्त पर होगा। माँ धूमावती सिध्दपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा नवरात्रि पर्व में माँ धूमावती की साधना, आराधना, उपासना हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। पीवाधिश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने जानकारी दी कि नवरात्रि पर्व की तैयारी अंतिम चरण में है। भक्तगण 3 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना करवा सकते हैं।

### कलेक्टर जनदर्शन में अवैध निर्माण के खिलाफ शिकायत

**रायपुर, 29 सितम्बर।** वीर शिवाजी वार्ड खमताराई वार्ड नंबर 16 जोन क्रमांक 01 संतोषी नगर मे अवैध रूप से मकान का निर्माण हुहा निगम द्वारा तीन नोटिस के बावजूद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई बिना नक्सा के और जो निर्माण करता है उसके पास कोई उस भूमि के कोई दस्तावेज नहीं है फिर भी भवन का निर्माण हो गया काल सेंटर हेल्पलाइन कलेक्टर मै भी करीब दो माह पूर्व शिकायत की गयी जिसका शिकायत क्रमांक RDHL 964 मे दर्ज कराई गई फिर भी आज तक कुछ भी कार्यवाही नहीं की गई आज कलेक्टर जनदर्शन मे पुनः फिर से लिखित शिकायत की गई है कलेक्टर साहब ने बड़ी गंभीरता से आवेदन पड़ा और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया नगर निगम जोन क्रमांक 01 के कमिश्नर हितेंद्र यादव जी द्वारा से सम्बन्ध मे अनेको बार बात हुई फिर भी इस सन्दर्भ मे हमेशा टाल मटोल करते रहे पूरा ये जोन और समस्त विभाग के अधिकारी कमीशन का खेला खेल रहे है जनता की समस्याओ का कुछ भी निराकरण नहीं हो पर रहा है सिर्फ जो जनप्रतिनिधि की सुन रहे है जनता की कोई सूद नहीं ले रहा अब आम आदमी अपनी समस्याओ के निराकरण के लिए कहा जाये इस के बावजूद भी कोई कार्यवाही ना होने पर मुख्यमंत्री जनदर्शन मे शिकायत की जाएगी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रायपुर, 29 सितम्बर।** टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी आमानाका निवासी मृतक मोहम्मद ताफीक 20 वर्ष वर्ष अपने दोस्त घनश्याम यादव 40 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास बस क्रमांक सीजी 07 सीटी 7812 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाईवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 29 सितम्बर।** ग्राम सांकरा के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के मृतक प्रदीप कुर्रे 28 वर्ष गोवर्धन नगर आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रदीप अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सांकरा के पास हाइवा क्रमांक सीजी 08 एएच 9478 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रदीप की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जाकर लौटा है कोई हवा का झोंका... तुमने क्या सोचकर दरवाजा खुला रक्खा है...



'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मोदी सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है ..यह पिछले 3 लोकसभा चुनावों मेंभाजपा के घोषणा पत्र का वादा रहा है।लेकिन यह कैसे लागू होगा, कब होगा और क्यों ऐसा हो रहा है? ऐसे कई सवाल हैं? कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को संविधान के खिलाफ है। पिछले साल मोदी सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर निगमों के चुनाव एक साथ कराने के तरीके सुझाने के लिये कोविंद कमेटी गठित की थी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली इस कमेटी ने मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की गई थी। कमेटी ने सिफ़रिश की थी कि लोकसभा, विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं, इसके साथ ही 100 दिनों के अंदर स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं. !सवाल यह उठता है कि भाजपा बिल को कैसे पास कराएगी? उसके पास लोकसभा में 240 सीटें हैं। बहुमत के लिए टीडीपी, जनता दल(यू), लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। अब सवाल उठाये जाते हैं कि एक साथ चुनाव कराने की भाजपा की योजना उसके सहयोगी दलों का समर्थन मिलेगा या नहीं? अगर 2029 में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' होना है तो कई राज्यों की विधान सभाओं को पांच साल के कार्यकाल से पहले भंग कर दिया जाएगाज उनका कार्य काल पूरा होने से पूर्व चुनाव के लिए राज्य को तैयार होना होगा, पिछले साल 10 राज्यों में नई सरकारें बनीं हैं उनमें 2028 में फिर से चुनाव होंगे, नई सरकारें लगभग एक साल या कम समय तक सत्ता में रहेंगी ये राज्य हिमाचल, मेघालय, त्रिपुरा नागालैंड, कर्नाटक, मिजोरम मप्र, छ्ग, राजस्थान हैं, उत्तरप्रदेश, पंजाब, गुजरात में चुनाव 2027 में होने हैं, इन राज्यों में 2027 में बनने वाली सरकारें 2 साल या कम समय चलेंगी, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल में चुनाव 2026 में होने हैं। ऐसे में 3 साल तक चल पाएंगी, इन राज्यों का निर्धारित समय में चुनाव ना करा कार्यकाल को 2029 तक बढ़ाना होगा, अरुणाचल, सिक्किम, आंध्र, ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा में जहां इस साल चुनाव हो चुके हैं या हो रहे हैं, 5 साल तक सरकार चल सकती है, मोदी सरकार ऐसे कानून नीति लागू करती है, जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है, आमजन से अर्थ व्यवस्था, समाज एवं संविधान तक!




### भिलाई की FSNL कम्पनी सस्ते में केंद्र ने बेची?...


Post
Secretary, DIPAM
@SecyDIPAM
Government approves strategic buyer for Ferro Scrap Nigam Limited (FSNL) – 100% subsidiary of MSTC Ltd. The highest bid of Rs. 320 crore by a Japanese company, M/s. Konoike Transport Co. Ltd. is accepted. The transaction now moves to the concluding stage.
pib.gov.in/PressReleasePa...
फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड
Ferro Scrap Nigam Ltd.
5:16 pm · 19 Sept 24 · 1,327 Views

भारत सरकार ने भिलाई की शान कहे जाने वाले फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड (FSNL) प्लांट को एक जापानी कम्पनी को 320 करोड़ में बेच दिया है। इसकी क़ीमत एक हजार करोड़ आँकी जा रही है। कम्पनी 100 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाती है, 175 करोड़ का बैंक बेलेंस है, 210 करोड़ सरकारी कम्पनियों से लेना बकाया है, 150 करोड़ की चल अचल सम्पत्तियाँ हैं। इसी के साथ ही 1 हजार करोड़ के कांन्ट्रेक्ट अगले 2 वर्षों के लिये लंबित है, जिस से 300 करोड़ का मुनाफा केंद्र को होना संभावित था।भिलाई के कईयों को बेरोजगार करने वाली केंद्र सरकार की इस पहल का भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के 10 भाजपा सांसद विरोध करने की स्थिति में क्यों नहीं हैं.? छ्ग की राज्य सरकार की चुप्पी आश्चर्यजनक है.? वैसे एफएसएनएल के कर्मचारी सहित अन्य मजदूर संगठन पिछले कई सालों से निजीकरणकी लटकती तलवार से लड़ भी रहे थे?

### छत्तीसगढ़ के 5 मंत्रियों को कड़ी हिदायत...

छ्ग के सीएम विष्णु देव साय के एसपी कलेक्टर, कॉन्फ्रेंस में तेवर, 2 कलेक्टर, 2 एसपी को हटाने की चर्चा के बीच ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कुछ वरिष्ठओं ने सरस्वती शिक्षण संस्थान रोहणीपुरम में छ्ग



मंत्रिमंडल के 5 सदस्यों विजय शर्मा डिप्टी सीएम और गृह मंत्री, ओपी चौधरी वित्तमंत्री, टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री, केदार कश्यप वनमंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ मंत्री की करीब 6 घंटे क्लास लेने की भी जमकर चर्चा है, कहा जा रहा है कि इनको कुछ कड़ी हिदायत दी गई है, वैसे तो इसे समन्वय बैठक का नाम दिया गया पर सूत्र कहते हैं कि सभी को दायरे में रहने कहा गया है! सूत्र कहते हैं कि बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव को भी बुलाना था, पर विदेश यात्रा में थे। असल में सत्ता, संगठन और आरएसएस में अभी तक वह तालमेल नहीं बन पाया है जैसी उम्मीद की जा रही थी।वैसे बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, प्रेमसाय सिंह अजय जामवाल आदि भी मौजूद थे। सूत्रों की मानें तो सत्ता से संघ के लोगों सहित आम भाजपा कार्यकर्त्ता भी खुश नहीं है, पहली बार मंत्री बनने वालों के व्यवहार को लेकर भी उंगलियां उठाई जा रही है?

### पत्रकारों का इलाज, सम्मान निधि और मंत्री का दावा...?

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में पत्रकारों के ईलाज के लिये आर्थिक सहायता 50 हजार से बढ़ा कर 2 लाख किया, वरिष्ठ पत्रकार सम्मान निधि 5 हजार (रमन सिंह के समय) को बढाकर 10 हजार किया निर्धारित उम्र 62 से घटाकर 60 साल किया वहीं सम्माननिधि आजीवन देने का निर्णय लिया था, पर छ्ग सरकार के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का एक लेख चर्चा में है जिसमें पत्रकार हित के भूपेश सरकार के कार्यों का श्रेय अपनी पार्टी के खाते में डालने का उल्लेख है? उन्हें शायद पता नहीं है कि मप्र में भाजपा कि सरकार के पूर्व मुखिया शिवराज सिँह ने वरिष्ठ पत्रकारों की सम्मान निधि 20 हजार मासिक कर दी है, इस सम्बन्ध में छ्ग के सीएम विष्णुदेव साय को छ्ग के वरिष्ठ पत्रकारों ने प्रेस क्लब रायपुर में होली मिलन समारोह में अनुरोध पत्र भी दिया था पर आज तक कुछ नहीं हुआ है? वित्तमंत्री ओपी चौधरी को भी पत्र दिया गया है पर परिणाम सिफर है? यहां यह बताना जरुरी है कि छ्ग में केवल 25 वरिष्ठ पत्रकार हैं जिन्हें ही सम्मान निधि मिलती है।



### और अब बस...

- खुद को शेडो सीएम समझने वाले एक मंत्री आजकल दुखी क्यों है?
- किस मंत्री के बँगले में उनकी अनुमति के बिना प्रवेश प्रतिबंधित है?
- कवर्धा के पूर्व एसपी डॉ पल्लव को केवल हटाने, निलंबन से बचाने में किसकी भूमिका रही है?
- पूर्व सीएम भूपेश बघेल को चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया को क्यों पत्र लिखना पड़ा?

# मूक-बधिर बच्चों को साइन लैंग्वेज में समझाए गए यातायात के नियम




**रायपुर, 29 सितम्बर।** पहली बार ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम में साइन लैंग्वेज का उपयोग करते हुए दिव्यांग बच्चों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम अर्पण दिव्यांग स्कूल बजाज कॉलोनी में सुरक्षित भवः फाउंडेशन ने यातायात विभाग के सहयोग से आयोजित किया। ट्रैफिक एक्सपर्ट ने कहा कि सड़क मार्ग का इस्तेमाल सभी करते हैं, चाहे वे दिव्यांग ही क्यों ना हों। सभी को सड़क नियमों का ज्ञान होना चाहिए। एक्सपर्ट ने इस दौरान ऐसे स्पेशल बच्चों को जो ठीक से सुन नहीं सकते हैं, उन्हें सड़क मार्ग का इस्तेमाल करते वक्त सावधानियों के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में यातायात विभाग से ट्रैफिक एक्सपर्ट टी. के. भोई व सहदेव वर्मा ने साइन लैंग्वेज की टीचर की मदद से दिव्यांग बच्चों को सड़क चिन्हों के बारे में जानकारी दी। स्कूल की गतिविधियों के बारे में अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने दी। कार्यक्रम का संचालन सीमा छाबड़ा ने किया।

# देवारभांठा में अशोक बजाज ने सुनी मन की बात

**रायपुर, 29 सितम्बर।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर विधान सभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 19 ग्राम देवारभांठा धूसेरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। श्री बजाज ने अनेक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद सदस्य सूरज लाल साहू, दीपक राजा



दीवान, रोहित कुर्रे, मंगल साहू, खोम सिंह ठाकुर, रामकुमार पाल, राजकुमार पाल, राजाराम पाल, दीनू साहू, रमाकांत साहू, गौतम तारक, गिरवर साहू, झड़ी राम साहू, सेवाराम साहू एवं सोहन तारक सहित काफी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित हुए।

# पर्यावरण की रक्षा करना हम सबकी नैतिक जवाबदारी

**रायपुर, 29 सितम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं बीबंबू फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में छुगानी परिवार के सहयोग से एक पेड़ मॉ के नाम से हीरापुर लोहा बाजार के पास सघन वृक्षारोपण किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), बीबंबू फाउंडेशन एवं छुगानी परिवार के संयुक्त




तत्वाधान एक पेड़ मॉ के नाम से हीरापुर लोहा बाजार के पास सघन वृक्षारोपण किया गया। उन्होनें कहा कि छुगानी परिवार के 27 एकड जमीन पर 12000 नीलगीरी के पौधे 1500 बांस के पौधे एवं 38000 अन्य किस्म के फलदार एवं छायादार पौधों रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण में छुगानी परिवार का सहयोग रहा। कैट ने सभी व्यापारियों से अपील करती है की वो एक पेड मॉ के नाम से अपने घर पर अवश्य लगाएं। वहीं कैट ने सभी उद्योगों से भी आग्रह किया है की वो अपने कारखानों में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने पर जोर दें।

# बजरंग महिला कालेज में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

**रायपुर, 29 सितम्बर।** शासकीय दू ब .महिला महाविद्यालय में इतिहास विभाग, महाविद्यालय युवा टूरिज्म क्लब के तत्वाधान में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पर्यटन दिवस समारोह का आयोजन किया गया वर्ष 2024 का थीम है पर्यटन व शांति कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के इंडिया टूरिज्म के मैनेजर मयंक दुबे रहे। इतिहास विभाग की अध्यक्षा व महाविद्यालय यूथ टूरिज्म क्लब की संयोजिका डॉ शंपा चौबे ने अपने स्वागत भाषण में विश्व पर्यटन दिवस मनाने के उद्देश्य और अर्थव्यवस्था में उसके योगदान के महत्व से छात्राओं को अवगत कराया छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा पर्यटन सिर्फ यात्रा नहीं अपितु वह प्रकृति और स्वयं से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। अपनी




अध्यक्षता भाषण में छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की।

प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने पर्यटन को समाज व संस्कृति को भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला माध्यम बताया साथ ही शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने की महाविद्यालय की नीति को और अधिक विस्तृत रूप प्रदान करने की योजना से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक दुबे ने भारत शासन के पर्यटन नीति के विजन तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्यों से महाविद्यालय की छात्राओं को अवगत कराया। पर्यटन दिवस समारोह के प्रथम दिवस में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाएं व चुनौतियां साथ ही पर्यटन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया इसके पश्चात टूरिज्म क्लब की सदस्य डॉ मधुलिका अग्रवाल ने अपने पर्यटन के संस्मरण से छात्राओं को बताएं। समारोह के दूसरे दिवस में मुख्य वक्ता शिवम पी त्रिवेदी हेरिटेज कंसलटेंट (विरासत सलाहकार) ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन एक सीमा तक ही पर्यटन को बढ़ावा दे सकता है उसके बाद यह युवाओं की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र के पर्यटनदूत बनाकर आम जनों को पर्यटन के लिए जागरूक करें रायपुर किस तरह कल्चुरी काल में राजधानी बना इस ऐतिहासिक तथ्य से भी अवगत कराया इसके पश्चात एक भारत और श्रेष्ठ भारत थीम पर छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा मे उस क्षेत्र के लजीज पकवानों को बनाकर प्रस्तुत किया जिसने भारत की एकता में अनेकता को प्रतिबिंबित दर्शाया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26